अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 35 | अंक 218 | अलवर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य: एक रु.

अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइंडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

बहरोड़, भिवाड़ी, राजगढ़, तिजारा, कोटकासिम, थानागाजी, मालाखेड़ा, लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, कठूमर, खेड़ली, बानसूर, खैरथल, गुरुग्राम, धारूहेड़ा व रेवाड़ी से प्रसारित

# भाजपा नेताओं ने ही सिलीसेढ़ जल परियोजना का किया भारी विरोध

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्यमंत्री संजय शर्मा के मध्य चल रहा शीत युद्ध

**विशेष संवाददाता**

**अलवर, 12 अगस्त।** अलवर जिले के नागरिकों ने यह सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिले से दोनों सरकारों में मंत्री होने के बाद भी विकास की गति अवरूद्ध हो जाएगी।

लंबे अंतराल के बाद दोनों मंत्रियों की कार्यप्रणाली देखने के बाद अब अलवर शहर और जिले के नागरिक अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

दोनों मंत्रियों के खाते में जिले का काई भी बड़ा काम गिनती में नहीं आ रहा है। जिसकी उपलब्धि दोनों मंत्री जनता के सामने पेश कर सके। दोनों मंत्रियों की ओर से राजनीतिक रूप से ठगे जाने के बाद जनता को कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान सरकार के मंत्री संजय शर्मा में राजनीतिक शीत युद्ध शुरू हो गया है।

दोनों ही एक-दूसरे की कार्यप्रणाली को लेकर संशय में रहते हैं। इसी शीत युद्ध के कारण जिले का विकास अवरूद्ध हो रहा है। यह अलग बात है कि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का बड़ा कद होने के कारण उनके सामने





मुखर रूप से अपनी बात नहीं कह पा रहे है। पर अंदर खाने वह बड़े विचलित है। स्वतंत्र प्रभार होने के बावजूद भी वह निर्णय लेने की क्षमता में नहीं है। दोनों ही जनप्रतिनिधियों केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने पानी के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था पर आज भी शहर व जिले की जनता पानी के लिए तरस रही है।

इसे इस प्रकार से समझा जा सकता है कि सिलीसेढ़ झील क्षेत्र से 35 बोरिंग स्वीकृत हुई थी। मंत्री संजय शर्मा कीयह एक महत्वकांक्षी योजना थी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस परियोजना का विधिवत उद्घाटन भी कर दिया था पर योजना का अब तक लाभ जनता को नहीं मिला। जानकार सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय मंत्री के इर्द-गिर्द ऐसे लोग जमा हो गए है जो केंद्रीय मंत्री को सही तथ्यों से अवगत नहीं होने देते हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से इन बोरिंगों का उद्घाटन होने के बाद स्थानीय लोगों ने बोरिंग नहीं होने देने के लिए जन आंदोलन शुरू कर दिया।

जन आंदोलन की शुरुआत भाजपा के नेताओं की ओर से शुरू की गई।

इस आंदोलन को भाजपा नेता व उमरैण ग्राम पंचायत के सरपंच भवेंद्र गुर्जर, भाजपा नेता व उमरैण पंचायत समिति के प्रधान प्रेम पटेल ने लीड किया। यह अलग बात है कि वह आज भी अपना नेता सचिन पायलट को ही मानते हैं।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि दोनों ही गुर्जर नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के चहेते हैं। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने जिस परियोजना का उद्घाटन किया हो उसका विरोध शुरू हो गया तथा प्रशासन ने आंदोलन पर चुप्पी साध ली।

बताया जाता है कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मौन समर्थन के कारण ही इस परियोजना का विरोध शुरू हुआ था। ताज्जुब की बात यह है कि जिला कलक्टर ने भी आंदोलनकारी नेताओं की बात सुनकर उनके पक्ष में ही अपनी राय भिजवा दी।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि अलवर शहर के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और इसका श्रेय संजय शर्मा को नहीं मिल सके। इस वजह से इस आंदोलन को हवा दी गई। अब अलवर की जनता अपने वोट के फैसले पर अपने आप को पूरी तरह ठगा महसूस कर रही है।

## गंडाला में पति ने की पत्नी की हत्या

**बहरोड़, 12 अगस्त ( निसं )।** पंचायत समिति क्षेत्र के गांव



गण्डाला में सोमवार को एक विवाहिता की उसके पति ने हत्या कर दी।

नीमराणा थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि गण्डाला गांव में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां मंजीता शर्मा पत्नी भूपेश शर्मा मृत अवस्था में पाई गई।

पुलिस ने आरोपी पति भूपेश शर्मा को मौके से ही हिरासत में ले लिया और शव को मोर्चरी भिजवाया। मृतका के परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है, हालांकि हत्या के कारणों का अभी पता लगाया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड़, 12 अगस्त ( निसं )।** कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी देवेश को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी के विरुद्ध विभिन्न स्थानों में गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज है। थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि थाना बहरोड़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दावेश उर्फ दावेश्वर उर्फ दाउद पुत्र रमेशचंद यादव 28 निवासी गोकलपुर को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ विभिन्न स्थानों में गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज है।

## एटक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कल

**अलवर, 12 अगस्त ( निसं )।** जिला एवं समन्वय समिति द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों एवं किसान संयुक्त मोर्चे के निर्णय के अनुसार 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे एटक कार्यालय के बाहर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत विरोधी नीतियों के विरोध में एवं केन्द्र सरकार की श्रमिक एवं किसान विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया जावेगा।

प्रदर्शन में श्रमिक एवं कर्मचारी समन्वय समिति से सम्बंध सभी श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन प्रदर्शन में सिरकत करेगें । यह जानकारी तेजपाल सैनी महा सचिव ने दी।

## हत्या प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़, 12 अगस्त ( निसं )।** थाना पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास के तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने सरेहटा गांव में दबिश देकर शेर मोहम्मद, वारिस और खुर्शीद को पकड़ा।

इससे पहले पुलिस मुख्य आरोपी खुशीमल को गिरफ्तार कर चुकी है।

घटना 15 जुलाई को सरेहटा गांव में हुई थी। एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था। इस झगड़े में महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई थीं। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

परिवादी रोबिन ने मारपीट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष के खुशीमल ने भी मारपीट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण करवाकर मामला दर्ज कर लिया था। अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच जारी है और बाकी आरोपियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# एटीएम कार्ड बदलकर तेईस हजार रुपए की ठगी

**रामगढ़, 12 अगस्त ( निसं )।** कस्बे के बस स्टैंड के पास पीएनबी बैंक के एटीएम पर एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रविवार दोपहर 12 बजे की यह घटना है। पीड़ति आशीप ने सोमवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

रघुनाथगढ़ निवासी आशीप अपने भतीजे को सहजपुर के पास रंडवा में दिखाने जा रहा था। रास्ते में वह बस स्टैंड के पास पीएनबी एटीएम पर रुका। वहां एक अज्ञात युवक पहले से मौजूद था। आशीप ने जैसे ही 2 हजार रुपए निकाले, उस युवक ने उसे बहकाया। युवक ने आशीप को बताया कि उसका एटीएम कार्ड नकली है।

इसके बाद उसने आशीप का कार्ड अपने हाथ में लेकर चालाकी से बदल दिया। आशीप को इस बदलाव का पता भी नहीं चला। जब वह बगड तिराहे पर पहुंचा, तभी उसके भाई इरफान का फोन आया। इरफान ने पूछा कि क्या उसने 23 हजार रुपए निकाले हैं।

आशीप ने बताया कि उसने तो सिर्फ 2 हजार रुपए ही निकाले थे। इसके बाद उसे धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## पार्क की जमीन पर अवैध निर्माण

**अलवर, 12 अगस्त ( नसं )।** राम नगर कॉलोनी, 60 फुट रोड क्षेत्र के मोहल्लेवासी सोमवार को मिनी सचिवालय पहुंचे और जिला कलेक्टर को की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मोहल्लेवासियों के अनुसार, प्रभा स्कूल के सामने गली में स्थित पार्क की भूमि पर कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं, जिसे रोकने के लिए कई बार शिकायतें करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

शिकायत देने आए मनीष ने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार प्रशासन को शिकायत दी है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि सप्ताहांत और छुट्टियों का फायदा उठाकर निर्माण कार्य जारी है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में मनीष सहित मोहल्ले के कई लोग मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# चालक ने रची ट्रोला लूट की झूठी कहानी, पुलिस ने किया भंडाफोड़

**कोटपूतली-बहरोड़, 12 अगस्त ( निसं )।** पनियाला थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जब एक ट्रोला चालक ने खुद ही अपने वाहन की लूट की झूठी सूचना पुलिस को दे दी। ट्रोले में 20 लाख रुपये मूल्य का लोहे का सरिया भरा हुआ था। सूचना मिलते ही पनियाला पुलिस हरकत में आ गई और नाकाबंदी करवा दी। बाद में जांच में पता चला कि लूट की घटना असत्य थी, जिसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसएचओ मोहर सिंह ने बताया कि सुबह करीब 3:10 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि ट्रेलर नंबर RJ14 GG 9401, जिसमें लोहे का सरिया भरा था, मोलाहेड़ा पुलिया पर अज्ञात कार सवार चार बदमाशों ने रोककर चालक से मारपीट की और वाहन सहित सरिया लेकर नारनौल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल हरियाणा पुलिस को सूचना देकर नाकाबंदी करवाई।

चालक से फोन पर संपर्क करने पर उसने खुद को बाजरे के खेतों में बताया, लेकिन सही लोकेशन देने से बचता रहा। साइबर सेल की मदद से लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने उसे कोटपूतली बीडीएम अस्पताल के पास से पकड़ा। मौके पर पूछताछ और आसपास के सीसीटीवी फुटेज जांचने पर किसी लूट की पुष्टि नहीं हुई। इसी बीच, भाबरू थाना पुलिस को जयपुर-दिल्ली राजमार्ग के सर्विस लेन पर लोहे का सरिया पड़ा मिलने की सूचना मिली।

कड़ाई से पूछताछ करने पर चालक टिल्ली उर्फ



मुबीन (36) निवासी मथुरा, यूपी ने स्वीकार किया कि वह जयपुर से रेवाड़ी सरिया ले जा रहा था, लेकिन मनोहरपुर के पास शराब पीने के बाद ट्रेलर को कोटपूतली में रोककर टायर चेक किए, जहां उसे पता चला कि ट्रेलर खाली है। इसके बाद उसने ट्रेलर को पनियाला पुलिया के पास खड़ा कर झूठी लूट की कहानी गढ़ दी और मालिक व पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## दिव्यांगजनों को एमएलए कोटे से मिलेंगी 20 स्कूटी

**अलवर, 12 अगस्त ( नसं )।** अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के चलने-फिरने में असमर्थ (लोकोमोटर डिसएबिलिटी) दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन स्कूटी प्राप्त करने हेतु 13 अगस्त तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों हेतु 20 स्कूटी की स्वीकृति विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से जारी की है।

उन्होंने बताया कि अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के चलने-फिरने में असमर्थ (लोकोमोटर डिसएबिलिटी) न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन ऑफलाइन आवेदन पत्र जिला कार्यालय से प्राप्त कर मूल ड्राइविंग लाइसेंस, पूर्व में राज्य सरकार/केंद्र सरकार की किसी भी योजना में लाभांवित नहीं होने का शपथ पत्र, अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के निवासी होने का प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज भवानी तोप के पास मिनी सचिवालय के कक्ष संख्या 98 में स्थित कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर में 13 अगस्त तक जमा करावे।

# फेसबुक पर पुराने सिक्कों का लालच, किशनगढ़बास पुलिस ने किया अंतरराज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़

**किशनगढ़बास, 12 अगस्त ( निसं )।** सोशल मीडिया पर पुराने सिक्कों और नोटों की ऊंची कीमत दिलाने का लालच देकर लोगों से एडवांस रकम ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए किशनगढ़बास पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी फेसबुक पर पुराने सिक्कों और नोटों की खरीद-फरोख्त के विज्ञापन पोस्ट करते थे, जिनमें बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत देने का दावा किया जाता था। विज्ञापन पर भरोसा कर संपर्क करने वाले लोगों से वे बहाने से एडवांस पेमेंट मांगते और रकम मिलते ही मोबाइल फोन बंद कर संपर्क तोड़ देते थे। इस तरह आरोपियों ने कई लोगों से हजारों-लाखों रुपये की ठगी की।

खैरथल-तिजारा पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने साहरूप खान (19) निवासी पड़ासला और साहरूप (21) निवासी लालपुरी



को गिरफ्तार किया, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है, जिसकी पहचान कानूनन गोपनीय रखी गई है।

पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और संभावना है कि जांच में ठगी के और भी मामलों का खुलासा होगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के लुभावने ऑफर या ऊंची कीमत के दावों के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## चोर को पकड़कर खंभे से बांधा

**अलवर, 12 अगस्त ( नसं )।** शहर में मालवीय नगर चौराहे पर चोरी कर रहे एक चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। बाहर खड़ा उसका दूसरा साथी फरार हो गया। चोर को रात भर खंभे के बांध कर रखा। सोमवार सुबह पुलिस को सुपुर्द किया। पकड़े गए चोर ने तीन दुकानों में चोरी करना कबूल किया है। अब पुलिस चोर से पूछताछ करने में लगी है। अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

चोर कन्नू मीना पुत्र हरविंद्र ने पुलिस पूछताछ में बताया कि शांतिकुंज में रहने वाले प्रियांशु मीणा के कहने पर चोरी करने आए थे। हमने तीन दिन से लगातार चोरी की। पान वाले की दुकान से 450 रुपए नकदी व अन्य सामान चोरी की है। काफी संख्या में सिगरेट के पैकेट चोरी कर ले गए। इसके अलावा मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से इयर फोन, लीड सहित अन्य सामान चोरी किया है। दुकान मालिक सतीश चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन की रात चोरी हुई। चोर दुकान से सिगरेट व नकदी ले गए। इसके बाद सरस डेयरी के बूथ का ताला तोड़ने की कोशिश की। उसका ताला नहीं टूटा। बगल की दुकान में सरिया लगा अंदर से सामन निकाल रहे थे। तब किसी को चोरी होने का पता चला।

# ऑटो टिपर में लगेंगे जीपीएस, हर वार्ड का बनेगा व्हाट्सएप ग्रुप

**अलवर, 12 अगस्त ( नसं )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर निगम के कार्यों, योजनाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ आगामी तीन माह के विजन पर विस्तृत चर्चा कर धरातल पर इसकी प्रभावी क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर, यूआईटी सचिव एवं नगरीय निगम आयुक्त को अलवर शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के लिए फील्ड विजिट कर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपखण्ड अधिकारी अलवर को शहर में साफ-सफाई व्यवस्था, रोड लाइट आदि कार्यों की मॉनिटरिंग कर धरातल पर व्यवस्थाओं में सुधार लाने एवं उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि 50 नए ऑटो टिपरों में आगामी 15 दिवस में जीपीएस लगवाना सुनिश्चित करावे तथा शहर के सभी 65 वार्डों तथा शहर के मार्केट एरिया के सभी 23 वार्डवासियों से चर्चा कर समय निर्धारित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड एवं मार्केट एरिया के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ऑटो टिप्परों व साफ-सफाई व्यवस्था की बेहतर मॉनिटरिंग करावें, यह सुनिश्चित करें कि इन व्हाट्सएप ग्रुप में निगम के अधिकारी एवं ऑटो ड्राइवर व हैल्पर को भी जोडा जाए।

**सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे अलग-अलग कचरा पात्र :** उन्होंने निर्देश दिए कि 31 अगस्त तक 50 सार्वजनिक स्थानों पर गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने हेतु ब्लू व ग्रीन कचरा पात्र लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया की कचरा पृथक्करण हेतु व्यापक स्तर पर जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड से शहरवासियों एवं सामाजिक संगठनों को आमंत्रित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑटो टिप्पर ड्राइवरों, हेल्परों एवं समस्त सफाई कर्मचारियों के लिए अगले माह में मेडिकल कैम्प आयोजित कर उनकी स्क्रीनिंग करवाए तथा ग्लब्स व अन्य उपकरण उपलब्ध कराए।

**वायु स्वच्छता के लिए आमजन भेज सकते हैं सुझाव :** जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन अलवर में वायु स्वच्छता के संबंध में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए अपने सुझाव ई-मेल पर भेज सकते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि एनकैप के माध्यम से हनुमान सर्किल से तुलेड़ा रोड चौराहे तक वायु स्वच्छता के लिए टाल इंटरलॉकिंग एवं पौधारोपण का कार्य करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि ईटाराणा, कालीमोरी एवं भारत टाकीज के फ्लाईओवर के नीचे व आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यकरण कार्य आगामी 6 माह में करावें। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि एनकैप कार्यक्रम के तहत नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर रोड बनाने हेतु 4 मार्च 2025 को 2.15 करोड राशि के कार्यादेश जारी किए गए थे, जिसका निर्माण 13 जून 2025 को पूर्ण कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर रोड के दोनों ओर इंटर लॉकिंग टाइल लगाने व नाले निर्माण के कार्य हेतु 27 फरवरी 2025 को 1.13 करोड रूपये की राशि के कार्यादेश जारी किए गए, जिसके तहत अब तक लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर रोड के दोनों ओर पौधारोपण किया जाएगा।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि क्लीन एप पर आमजन की शिकायतों का निर्धारित टाइमलाइन में समाधान सुनिश्चित हो, एप पर किसी भी प्रकार की पेंडेंसी ना हो। उन्होने कहा कि आमजन क्लीन एप्लीकेशन पर साफ-सफाई व्यवस्था की शिकायत दर्ज करवा सकतें है, शिकायतों का निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

**गोलेटा प्लांट के लीगेसी वेस्ट का शत-प्रतिशत निस्तारण :** जिला कलक्टर ने नगर निगम द्वारा गोलेटा में विरासती अपशिष्ट डम्प साइट पर 105732 क्यूबिक मीटर लीगेसी वेस्ट का शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि लीगेसी वेस्ट नियमित उठाव कराकर उसका शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निगम द्वारा 14.36 लाख रूपये की लागत से साइट पर मिट्टी डलवाकर घास व पेड-पौधे लगवाकर सौन्दर्यकरण का कार्य किया गया है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरुका, उपखंड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा, एनकैप के कंसल्टेंट योगेश पुनिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### घर से ही गीला व सूखा कचरा अलग करने की अपील

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी तीन दिवसों में ऑटो टिपर ड्राइवरों, हेल्परों एवं स्वच्छता सखियों का दोपहर 12 से 2 बजे तक कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) के संबंध में गहन प्रशिक्षण करावें, ताकि कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि सितम्बर माह में हैल्थ कैम्प के माध्यम से सभी स्वच्छता कर्मियों, ऑटो टिपर ड्राइवरों व स्वच्छता सखियों आदि के स्वास्थ्य की जांच कराई जावे।

जिला कलक्टर ने अलवर शहर वासियों से घर व प्रतिष्ठान से ही कचरा पृथक्करण करने एवं ऑटो टिपरों में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर डालने की अपील की है।

### श्रीजी प्यारे



पूंछरी गांव में जन्माष्ठमी की तैयारियां शुरू हो गई है। श्रीनाथजी का आकर्षक स्वरूप निखर रहा है।

## स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस परेड की तैयारियां जारी

**अलवर, 12 अगस्त ( नसं )।** अलवर शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर आयोजित होने वाली परेड में शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 750 स्कूली बच्चे भाग ले रहे हैं, जो प्रतिदिन पीटी (शारीरिक व्यायाम) का अभ्यास कर रहे हैं।

## कांग्रेस धार्मिक सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर का जन्मदिन

**बारां।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेशभर में राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर का जन्मदिन धार्मिक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत बारां जिले में भी इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। किसान कांग्रेस जिला संयोजक शिवराज मीणा ने बताया कि कुशलगढ़ प्रभारी एवं कांग्रेस नेता रमेश मीणा की अगुवाई में 12 अगस्त को शाम 4 बजे अटरू रोड स्थित ताड़के बालाजी मंदिर पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 13 अगस्त को प्रात: 9 बजे ग्राम कुण्डी चारागाह में क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ पौधारोपण किया जाएगा। इसी तरह 14 अगस्त को श्रीकृष्ण गौशाला में गायों को चारा व गुड़-लापसी खिलाया जाएगा। जबकि 15 अगस्त जिला व क्षेत्र के कार्यकर्ता भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले जन्मोत्सव व जन आशीर्वाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कुशलगढ़ प्रभारी रमेश मीणा ने कांग्रेसजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक संगठनों एवं आमजन से कार्यक्रम में भाग लेने लेकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# हर घर तिरंगा रैली में देश भक्ति गीतों पर झूमे विद्यार्थी

## फूलों से रंगोली सजाई, पोस्टर बैनर निर्माण कर समा बांधा






**बांसवाड़ा।** घाटोल ब्लॉक में नामांकन दाखिले में द्वितीय स्थान लाने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरथून नोडल में संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्र प्रथम फिर हम की भावना की अलख जगाते हुए हर घर तिरंगा के तहत् 2139 विद्यार्थियो की विशाल रैली ,रंगोली,पोस्टर बैनर निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। संस्था प्रधान अरुण व्यास ने बताया कि संविधान प्रदत्त फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के अनुसार सही ढंग से तिरंगा फहराने का आव्हान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी ओर पहचान है इसमें वॉलंटियर के रूप में स्कूली बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसमें वे देशभक्ति के प्रतीक बन कर प्रत्येक घर, स्कूल और समुदाय को तिरंगा फहराने और एकता की भावना को मनाने के लिए प्रेरित करेंगे और राष्ट्र प्रथम फिर हम की भावना की अलख जगावे।

पारी प्रभारी कारू लाल मेघवाल व्याख्याता जीव विज्ञान विभाग ने कहा कि वॉलंटियर इस अभियान की आत्मा हैं। इस अवसर पर अमरथुन नोडल के विभिन्न स्कूली बच्चों की रैली राउमावि अमरथुन स्कूल में समारोह मे बदल गई। जिसमें प्रभारी बदन लाल डामोर ने कहा कि 2 अगस्त 2025 से प्रारम्भ राष्ट्र प्रथम- फिर हम कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को वॉलंटियर बना कर हर घर तिरंगा को जनता में फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के अनुसार सही ढंग से तिरंगा फहराने में सहायता करना , सेल्फी क्लिक कर अपलोड करना, तिरंगे की कहानियाँ सुनाना, निकटतम डाकघर से झंडे थोक में खरीदकर अपने आस-पड़ोस में वितरित करना,संस्कृति मंत्रालय से आधिकारिक प्रमाणपत्र प्राप्त करना,सौंपे जाएंगे और अधिकतम फोटो अपलोड करने वाले शीर्ष वॉलंटियर्स को राज्य और राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समारोह में अनूप मेहता ने पंजीकरण कैसे करें और हर घर तिरंगा पोर्टल पर वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की आधुनिक तकनीक सिखाई। इस अवसर पर समारोह को भेरू लाल डोडियार,दिलीप कुमार मीणा,प्रभुलाल खराड़ी, जीवन लाल निनामा, श्रीमति प्रज्ञा अधिकारी, श्रीमति रैना निनामा, कचरू लाल चरपोटा,कपिल वर्मा, पर्वत सिंह हरिशंकर , मानसिंह , श्रीमति देवली बाई, मयूर पड़ियार,मुकेश पटेल सहित खुशपाल कटारा दयाशंकर चरपोटा ने संबोधित किया।

इस अवसर पर समारोह में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए श्री दिलीप कुमार मीणा को साफ़ा बांध, उपर्णा ओढ़ाकर,श्रीफल भेंट कर शाल ओढ़ा कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन खुशपाल कटारा ने किया ओर आभार प्रदर्शन कपिल वर्मा ने ज्ञापित किया। अन्त में सभी ने राष्ट्र गान को गाकर सम्मान दिया ।

## लेखक का समग्र दायित्व अपने पाठक के प्रति हो - अग्रवाल

### कलमकार मंच का पुस्तक लोकार्पण समारोह




**जयपुर।** कलमकार मंच और पिंकसिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों की मौजूदगी में पूनम माटिया (दिल्ली) के ग़ज़ल संग्रह शजर पे चाँद उगाओ, भारत दोसी (बांसवाड़ा) के आलेख संग्रह इसलिए वे राष्ट्रपिता हैं, तारावती सैनी नीरज (जयपुर) के कहानी संग्रह महतारी, प्रेम प्रकाश मुर्तसिम (जयपुर) के काव्य संग्रह ख़ून क्यों खौलता नहीं, संतोष बंसल (दिल्ली) के यात्रा वृत्तांत किस्से अजूबों के और धर्म नारायण शर्मा धर्म के समग्र लेखन पर उनके पुत्र पीयूष शर्मा (जयपुर) द्वारा सम्पादित की गई पुस्तक प्रतिबिम्ब का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि लेखन, चाहे वह किसी भी विधा का क्यों न हो, बहुत ज़िम्मेदारी भरा काम है और इसे पूरी गम्भीरता, निष्ठा और तैयारी से किया जाना चाहिए।लेखक का समग्र दायित्व अपने पाठक के प्रति होता है जो उसकी किताब खरीदता है और उसे पढ़ने के लिए अपना कीमती समय देता है। आज के दुष्प्रचार भरे समय में सही लेखन की ज़रूरत और ज़्यादा बढ़ गई है। उन्होंने पुस्तक संस्कृति के विकास के निमित्त लेखकों की सक्रियता का भी आह्वान किया। अग्रवाल ने लेखकों से कहा कि अगर कोई उनके लिखे की आलोचना करता है और उसमें कुछ कमियां दिखाता है तो वह उनका सच्चा मित्र है और लेखकों को उसकी प्रतिक्रियाओं पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। लेखकों को उनकी यह भी सलाह थी कि जितना वे लिखते हैं उससे कई गुना अधिक उन्हें पढ़ना चाहिए, तभी उनके लेखन में निखार आएगा।

## विभाजन विभीषिका की स्मृति व स्वाधीनता का विजयोत्सव मनाएँ




**कोटा।** नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद और प्रगतिशील सिन्धी समाज की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में कोटा के जाने माने लेखक और भारतीय सूचना सेवा के पूर्व निदेशक किशन रतनानी ने विषय विशेषज्ञ के रूप में बोलते हुए कहा कि यह मोदी सरकार ही है जिसने 14 अगस 2021 से 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का फैसला किया और इसी सरकार ने ऑपेरशन सिन्दूर की सफलता को विजयोत्सव कहकर लोकसभा के माद्यम से सारे संसार को देश की सामरिक काबलियत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया ,इसलिए सिन्धी समाज के सभी लोगों को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के साथ साथ स्वाधीनता को विजयोत्सव के रूप में मनाना चाहिए।

इस सेमिनार में सिन्धी अकादेमी दिल्ली के सचिव डॉ रमेश लाल, लेखिका वीना श्रृंगी और शालिनी सागर ने भी अपने अनुभव और सिन्धी समाज के अहसासों को सबके सामने रखा।

# जन्माष्टमी महोत्सव: गोविन्द देवजी मंदिर में स्कूली छात्र देंगे प्रस्तुतियां

**जयपुर।** जयपुर के ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी में इस वर्ष का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव (उत्सव श्रृंखला 2025) 31 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 अगस्त तक चलेगा।

भक्तों के लिए यह आयोजन भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक उत्सव संगम होगा। इस दौरान एल्पाईन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भक्ति रस के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 16 अगस्त जन्माष्टमी उत्सव, 17 अगस्त नन्दोत्सव व शाम 4. 30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व



प्रतिदिन सुबह मंगला आरती, दोपहर श्रृंगार व संध्या आरती, और रात्रि में विशेष भजन संध्या का आयोजन होगा।

विभिन्न दिनों में अमर पुष्प राम संकीर्तन मंडल, श्री गिरिराज मंदिर मंडल, श्री गोविन्द मंदिर मंडल और अन्य मंडल अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य आयोजन जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि अधिकतम संख्या में पहुंचकर इस भव्य उत्सव में सम्मिलित हों और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## गुरुकुल महोत्सव 2025: कवियों के महाकुंभ की सफलता का जश्न

**जयपुर।** में आयोजित गुरुकुल महोत्सव 2025 के कवियों के महाकुंभ की सफलता पार्टी में कवियों और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। जयपुर के गौरव टावर स्थित फ्लेवर रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक किशोर पारीक ने बताया कि डॉ श्याम सिंह राजपुरोहित जी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सफलता पार्टी के दौरान शॉल सम्मान देकर सभी सहयोगियों का अभिनंदन किया गया।

सम्मानित व्यक्तियों में अपडेट इंडिया के सुनील सुशील शर्मा, कवि केशव देव मारवाड़ी, डॉ ज्ञान सक्सेना, श्री अमर सिंह अमर, श्री मनीराम कुमावत जी, अशोक कुमावत, वरिष्ठ कवि श्री वरुण चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार वी जैन, श्री राजकुमार चौहान, श्री दीपक खंडेलवाल, श्री सुभाष सक्सेना शामिल थे।

श्रीमती सुनीता पारीक ने आभार ज्ञापित किया। इस तीन दिवसीय समारोह में 11 कवि सम्मेलन आयोजित कर एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया, जो एशिया बुक ऑफ़ रिकाई्स में दर्ज हुआ।

# लायन्स क्लब ने वीर जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन




**जयपुर।** लायन्स, लियो एवं वी क्लब जयपुर सेन्ट्रल स्पाइन के एवं राजपुताना राईफल्स के सयुक्त तत्वाधन मे निवारु मिलिट्री स्टेशन में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। संयोजक बसन्त जलेवा ने बताया कि कार्यक्रम मे 19 से ज्यादा क्लबों की महिला सदस्यों ने सैनिको को राखी बांधी। प्रमुख रूप से लायन्स क्लब जयपुर आदर्श नगर, हवामहल, चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट, स्पार्कल, सुपर स्टार, एंजिल रूबी, फ्रेंड्स, बनी पार्क, डायमण्ड, रॉयल, आकाशदीप, क्वीन्स आदि क्लबों की सदस्यों ने हमारे देश के वीर जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर जीनू भारतीय, शंकर सिंह खंगारोत, ममता पंचोली, योगिता जलेवा, राम शरण जागिंड, अंजना जेन, आशिष अग्रवाल, सचिन जैन, निक्की शर्मा, दिनेश सिंघल, श्वेता गुप्ता, मनन जलेवा, प्रियल खंण्डेलवाल, सुशीला गुप्ता, अर्चना जैन आदि सौ से अधिक सख्यां में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर राजपुताना राइफल्स द्वारा सभी सदस्यों को अल्पाहार दिया गया।



# रेत के धोरों में दिखोगा गोवा सा नजारा

## बीकानेर से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ खर्च कर जलाशय तैयार

**बीकानेर, 11 अगस्त।** बीकानेर के धोरों पर अगर आपको गोवा जैसा नजारा देखने को मिले तो आप चौंक जाएंगे पर ये सच है। बीकानेर से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ रुपए से ऐसा जलाशय तैयार किया गया है जिसमें कई झीलें समाहित हो जाएं। रेत के टीलों के बीच बनी झील से गोवा के किसी बीच जैसा नजारा बन रहा है।

जो जाता है वो वहां से वीडियो बनाकर लाता है और वो वायरल हो रहे हैं। ये वही झील है जिससे हर घर नल कनेक्शन योजना के लिए पानी दिया जाएगा। झील अब इसलिए चर्चे में आई क्योंकि इसे आधा भर दिया गया है। आरडी 507 और 750 हेड बीकानेर जिले में हैं। 507 हेड बनकर तैयार है। 2000 एमसीएफटी क्षमता वाला जलाशय आधा भर गया है। यानी करीब 1000 एमसीएफटी पानी एकत्र हो गया। आधा जलाशय भरते ही गोवा के बीच जैसा नजारा देखने को मिलने लगा है। अब लोग वहां दूर-दूर से जाने लगे हैं। इसी झील के पानी से हर घन नल कनेक्शन योजना को सालभर पानी दिया जाना है। संकट में बीकानेर शहर को भी पानी इस जलाशय से मिल सकेगा।



### भराव क्षमता- 2000 एमसीएफटी

इस जलाशय का बेड लेवल 173.48 मीटर है। एफएसएल ऑफ कैनाल 179.59 मी. फुल रिजर्ववायर लेवल 176 मी. तथा पानी की भराव क्षमता- 2000 एमसीएफटी है। वहीं इस पर 211 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



## आज का राशिफल

मंगलवार 12 अगस्त, 2025

- **मेष :** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। कारोबार में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कार्यो पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा।
- **वृष :** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से काफी कुछ मिलेगा। कोई शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि आपने धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।
- **मिथुन:** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई फैसला समस्या देगा। आपको किसी परिजन की याद सता सकती है। अध्यात्म के कार्यों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें।
- **कर्क :** आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से परेशान रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको जल्दबाजी में कोई काम करना नुकसान देगा। आप किसी के बहकावे में आकर इन्वेस्टमेंट करने से बचें, नहीं तो उसमें आपका धन फंस सकता है।
- **सिंह :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने विरोधियों से सतर्क रहे, नहीं तो वह उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।
- **कन्या :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।
- **तुला :** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी पैसा जातकों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।
- **वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है। आप अपने निर्णय से लोगों को हैरान करेगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।
- **धनु :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी।
- **मकर :** आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे और आप अपने मनचाहे खर्चों को भी आसानी से कर सकेंगे, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा।
- **कुंभ :** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। यदि आपकी कोई परेशानी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोल कर बोले, नहीं तो उन्हे आपकी बात गलत लग सकती है। कार्य क्षेत्र में आपके छुपे हुए राज बाहर निकलेंगे।
- **मीन :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामो पूरा ध्यान देंगे। आपका मन यदि किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, तो आप उसमें धैर्य बनाए रखें। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगें।

# पीड़ितों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान – श्री गुलाबचंद कटारिया

## सुंदरसिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय अंबामाता में एम्बुलेंस का लोकार्पण



**उदयपुर, 12 अगस्त।** पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। उनका आशीर्वाद ईश्वर के प्रसाद स्वरूप है। इसलिए पीड़ितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

कटारिया सोमवार को सुंदरसिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय अंबामाता में सीएसआर के तहत टेक फायरफ्लाई प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से प्रदान की गई एम्बुलेंस के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायकत्रिलोक पूर्बिया ने की। विशिष्ट अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, फायरफ्लाई के फाउण्डर विक्रम पूर्बिया सहित अतुल चण्डालिया व राजेश वैष्णव रहे।

कटारिया ने कहा कि मेवाड़ भामाशाह की धरती है। यहां आज भी ऐसे कई दानदाता है, जो पीड़ितों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। कटारिया ने कहा कि अंबामाता अस्पताल के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार के लिएपूर्व में कई काम किए गए। हाल ही राज्य सरकार ने भी इसके लिए बजट स्वीकृत किया है। इसके अलावा कई भामाशाह भी अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने आरएनटी प्राचार्य डॉ माथुर से अस्पताल में आने वाले मरीजों व परिजनों को संबंधित कक्ष आदि के बारे में जानकारी देने और उन्हें वहां तक पहुंचाने में मदद के लिए स्काउट–गाइड, एनसीसी स्वयंसेवक आदि का सहयोग लिए जाने का सुझाव दिया।

प्रारंभ में अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल जैन सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ जैन नेअस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं तथा भावी योजनाओं की जानकार देते हुए अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस उपलब्ध होने से गंभीर रोगियों को महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, उदयपुर में रेफर करने में आसानी होगी। मेडिकल कॉलेज से स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग एवं एनेस्थिसिया विभाग की यूनिट इस चिकित्सालय में कायशाल होने से आउटडोर, भर्ती रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है, आउटडोर लगभग 1000 रोगी प्रतिदिन हो गया है व ऑपरेशन थियेटर 24 घण्टे आपातकालीन परिस्थितियों में ईलाज देने हेतु क्रियाशील रहता है। चिकित्सालय में आने वाले रोगियों को तुरन्त इलाज व साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उदयपुर शहर विधायक श्री ताराचन्द जैन द्वारा चिकित्सालय के उन्नयन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था जिसे बजट घोषणा में सम्मिलित करते हुए आधुनिक उपकरण हेतु 3.5 करोड़ रूपए व सिविल कार्य के लिए 1.5 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।

साथ ही उन्होंने अस्पताल के सामने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के खाली पड़े भवन को अस्पताल को आवंटित करानेका आग्रह किया, ताकि अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने प्रशासनिक स्तर पर वार्ता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व पार्षद शंकर चन्देल, लोकेश कोठारी, दुर्गेश शर्मा, समाज सेवी रणजीत सिंह, दीपक बोल्यि, नरेन्द्र पूर्बिया व एम्बुलेंस के दानदाता विक्रम पूर्बिया की माता सुशीला पूर्बिया एवं पिता धर्मराज पूर्बिया सहित अस्पताल स्टाफ एवं आमजन उपस्थित थे।

## कोटा–सवाई माधोपुर रेलखंड पर कोंकण रेलवे वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने किया संरक्षा ऑडिट निरीक्षण





**कोटा, 12 अगस्त।** कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के वरि. प्रशासनिक ग्रेड स्तर के अधिकारियों की इंटर रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा दिनांक 11 अगस्त को कोटा–सवाईमाधोपुर खण्ड के मध्य लाबान–लाखेरी खण्ड में किमी 979/12–979/22 के मध्य मेज नदी पर मेजर ब्रिज सं. 250, लाखेरी इंद्रगढ़ खण्ड में किमी 990/09–990/11–के मध्य कर्व सं. 50 अप एवं किमी 990/26–990/28 के मध्य समपार फाटक सं. 137/इंजी., इंद्रगढ़ स्टेशन, रिले रूम एवं किमी 992.49 पर प्वाइंट नं. 118. सवाईमाधोपुर स्टेशन, रिले रूम, एवं टीएसएस / सवाईमाधोपुर का संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया। इंटर रेलवे संरक्षा ऑडिट कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के मुख्य संरक्षा अधिकारी–श्री एन.एम. तेलंग के नेतृत्व में मुख्य परियोजना प्रबंधक– श्री कृष्णा लाम्बानी, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजी. श्री रमेश बाबू उप मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री बी.टी. रजन्ना, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक सी. के. थोबिअस, उप मुख्य रेलपथ इंजी. –वी.एस. शिंदे, सहायक संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश रहल्कर, एवं सहायक परिचालन प्रबंधक (सेफ्टी) मनोज कुमार द्वारा एवं कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक–एल. के. धुरंधर एवं वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी / कोटा– गोरधन मीना की उपस्थिति में किया गया, इस निरीक्षण के दौरान कोटा मंडल के अभियान्त्रिकी, यॉन्त्रिक, संकेत एवं दूर संचार, टीआरडी, विद्युत एवं परिचालन विभागों के शाखा अधिकारी व अन्य अधिकारीगण भी साथ में रहे। रेलवे बोर्ड द्वारा वार्षिक शिड्यूल बनाकर रेल संरक्षा में सुधार हेतु नियमित संरक्षा ऑडिट कराया जाता है। यह संरक्षा ऑडिट रेलवे के वरि. प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जिसके अंतर्गत रेल संपत्ति के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों के कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर, दुर्घटनाओं को रोकने के तरीके, संसाधनों को उपलब्ध कराने एवं भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचों की संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समग्र प्रयास किये जाते हैं।

## फतहसागर की पाल पर भारत माता की जयकारों की गूंज

**उदयपुर, 12 अगस्त।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह उदयपुर की फतहसागर की पाल पर देशभक्ति माहौल था। भारत माता की गूंज के साथ ही स्टूडेंट के कदम आगे बढ़ते जा रहे थे। मौका था हर घर तिरंगा यात्रा का। यात्रा में शामिल हरेक देश प्रेम की भावनाओं से ओतप्रोत था। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा–2025 अभियान के दौरान केन्द्र द्वारा फतहसागर पाल पर सोमवार की सुबह भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली में करीब 550 विद्यार्थियों एवं आमजन ने भाग लिया। इस रैली को हरी झण्डी पवन अमरावत, उपनिदेशक (कार्यक्रम), दुर्गेश चांदवानी, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा), सी.एल. सालवी, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर एवं पुष्पराज सिंह राणावत, प्राचार्य विद्या भवन सीनियर सैकण्डरी स्कूल द्वारा दिखाई गई।




## पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के भाव से करें पौधारोपण: धीरज तिवारी



**बारां, 12 अगस्त।** पर्यावरण सुरक्षा संवर्धन तथा एक पेड़ मां के नाम थीम पर समाजसेवी धीरज तिवारी के 54 वें जन्मदिन पर सोमवार को शहर के कोटा रोड पर सिविल लाईन स्थित मंगलम विहार में कॉलोनीवासियों ने 25 पौधे लगाए। साथ ही पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी ली।

लगाए गए पौधों में अमलतास, कदम, करंज, गुलमोहर, नीम आदि किस्मों के छायादार पौधे थे। कॉलोनीवासी ललित अग्रवाल, आदित्य जैन, ॠतुराज सिंह, महेंद्र नागर, अरुण पोरवाल, ओमप्रकाश साहू, सत्यनारायण सुमन, सुरेश कुमार आदि ने पौधारोपण में सहयोग किया। कॉलोनी अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र में सघन पौधारोपण कर पार्क विकसित किया था। वहीं समाजसेवी तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा की भावना से पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। जो सराहनीय व अनुकरणीय कदम है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो हर व्यक्ति को अपने परिवार के मांगलिक अवसरों पर जनहित कारी कार्य करने चाहिए। जिससे सुंदर मानव समाज की स्थापना हो एवं कॉलोनी एवं शहर को पहचान मिले।

परहित चिंतन के भाव से अन्य लोग भी प्रेरणा लें। तिवारी ने कॉलोनीवासियों का आभार व्यक्त कर सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ आगामी स्वतंत्रता दिवस पर भी पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया।

## हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जमना बावड़ी और शिव मंदिर कंसुआ में करवाई सफाई





**कोटा, 12 अगस्त।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जमना बावड़ी और शिव मंदिर कंसुआ में सफाई करवाई गई।

आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि देश भक्ति की भावना के साथ आमजन में स्वच्छता के प्रति आग्रह को मजबूत करने के लिए कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत निगम के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों को साथ लेकर जमना बावड़ी और शिव मंदिर कंसुआ में श्रम दान किया। इसके अलावा वार्ड क्षेत्रों में भी विशेष सफाई अभियान चलाए गए।

**उत्तर निगम कर्मचारी बने तिरंगा वालंटियर**– आयुक्त त्यागी ने बताया कि उत्तर निगम के कर्मचारियों ने सोमवार को स्वयं तिरंगा वालंटियर के रूप में भी रजिस्टर किया। हर घर तिरंगा वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करवाने के बाद कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे अधिक से अधिक लोगों को हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता अभियान से जोड़ेंगे। कर्मचारियों ने अपने व्हाट्सएप पर तिरंग वालंटियर की डीपी भी लगाई।

**तिरंगा प्रदर्शनी स्थगित**– आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि मंगलवार को निगम के प्रशासनिक भवन के स्वागत कक्ष में आयोजित की जाने वाली तिरंगा प्रदर्शनी को परिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह प्रदर्शनी अब नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा 14 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

**प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव जारी**– उपायुक्त जवाहर लाल जैन ने बताया कि हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र में प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन ड्राइव का भी आयोजन किया जा रहा है।

नागरिक अपने घर के प्लास्टिक वेस्ट को निकटतम सेक्टर कार्यालय और सद्भावना केंद्र पर जमा करवा सकते हैं।

## फसल बीमा क्लेम राशि खाते में आते ही खुशी से खिले किसानों के चेहरे





**कोटा, 12 अगस्त।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सोमवार को झुंझुनूं में आयोजित क्लेम भुगतान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक क्लिक में फसल बीमा क्लेम राशि किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। राशि खाते में जमा होने का एसएमएस आते ही कोटा कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम से कार्यक्रम से लाइव जुड़े जिले के किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। एक के बाद एक किसानों के मोबाइल फोन पर क्लेम राशि खाते में जमा होने के मैसेज प्राप्त होने लगे पर किसानों ने मोबाइल फोन पर आया मैसेज दिखाते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। पीपल्दा तहसील के अयानी गांव निवासी किसान लटूर लाल गुर्जर के खाते में खरीफ 2024 फसल बीमा क्लेम की 78 हजार 883 रुपये की राशि जमा होने का मैसेज आते ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद दिया। इसी प्रकार अयानी गांव के ही चन्द्रप्रकाश मीणा के खाते में 78 हजार 22 रुपये, सुरेन्द्र सुमन के खाते में 67 हजार 509 रुपये, मुरारीलाल मीणा के खाते में 54 हजार रुपये एवं सत्यनारायण मीणा के खाते में 52 हजार 630 रुपये जमा होने का मैसेज आ गया। सभी किसानों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसान हित में उठाए जा रहे कदमों की खुलकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना–फसल क्लेम भुगतान कार्यक्रम के तहत सोमवार को कोटा जिले के 26 हजार 700 किसानों के खाते में खरीफ–2024 के फसल बीमा क्लेम की कुल 10 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से जमा हुई।

झुंझुनूं में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी सहित अन्य अतिथियों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी।

## सचिव रेखा यादव ने जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया






**धौलपुर, 12 अगस्त।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा–दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के आवश्यक निर्देश दिए एवं उन्होंने कारागृह में निरूद्ध नये बंदियों सहित एक–एक बंदियों से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनकों प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं निशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी ली एवं सचिव द्वारा उपस्थित बंदियों कां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर व अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

निरीक्षण के दौरान लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें बंदियों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा आने वाले नए बंदियों के रजिस्टरों में इंद्राज करने के निर्देश प्रदान किए गए एवं एलडीसीज को सभी बंदियों के फॉर्मेट भरकर जिसमें वकील का नाम प्रकरण संख्या, आगामी पेशी की तारीख इत्यादि भरकर प्रत्येक बंदी को देने के निर्देश प्रदान किए एवं वकालतनामा में भी वकीलों के नामों को इंद्राज करने के निर्देश दिए निरीक्षण दौरान बंदियों से आज के भोजन की जानकारी ली तथा उनको पौष्टिक भोजन बनाने के निर्देश दिए एवं नालसा टोल–फ्री नम्बर 15100 की जानकारी दी गई एवं निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण दौरान जिला कारागृह में स्वच्छता, साफ–सफाई की व्यवस्थाओं के साथ–साथ जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा व उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदी मौजूद रहे।

## विद्या, संतान और पुण्य का महत्व की गुरु माँ विभाश्री ने की विवेचना

**कोटा, 12 अगस्त।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का जीवंत केंद्र बना हुआ है। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज, आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की पावन सन्निधि तथा गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के निर्देशन में 13 पिच्छियों का भव्य चातुर्मास उत्सव पूर्ण धार्मिक गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हो रहा है। महामंत्री अनिल जैन ठोरा ने बताया कि दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट का पुण्य अवसर श्रावक श्रेष्ठि परिवार — प्रकाशचंद, अनिल–सुनीता, सुनील, डॉ. अखिलेश, स्वप्निल, पीयूष, श्रेष्ठि — निशांत, स्पर्श, अन्वी एवं आनशी जैन, समस्त ठोरा परिवार वालों को प्राप्त हुआ।



प्रवचन में गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी ने कहा कि पिता और गुरु, विद्या और संतान का कभी अनादर नहीं करना चाहिए। विद्या चाहे जैसी भी हो, संतान चाहे जैसी भी हो, उन्हें बुरा नहीं सोचना चाहिए। माता–पिता और गुरु की पूजा करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद प्रतिदिन प्राप्त करना चाहिए, क्योंकि उनका आशीर्वाद जीवन में सफलता लाने वाला होता है। हमें जो भी संपत्ति मिले — चाहे वह माता–पिता, ससुराल, मामा–नानी या किसी अन्य से हो — वह तभी हमारे काम आएगी जब हमारा पुण्य होगा। यदि पुण्य नहीं होगा तो हम उसका उपयोग नहीं कर पाएंगे। किसी का अहित करना या किसी का बुरा करना भी हमारे कर्मों के परिणाम हैं, इसलिए किसी और को दोष नहीं देना चाहिए।

## शहर से लेकर गांव–ढाणी तक लहराया तिरंगा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला से दिया एकता का संदेश

**उदयपुर, 12 अगस्त।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रारंभ किया गया हर घर तिरंगा – 2025 अभियान चरम पर है। आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत प्रारंभ किए गए इस अभियान के दूसरे चरण में शहर से लेकर गांव–ढाणी तक तिरंगा लहरा रहा है। तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला, स्कूली बच्चों की विविध स्पर्धाओं के माध्यम से देश प्रेम का संदेश प्रतिध्वनित हो रहा है। वहीं कैनवास स्थापित कर उन पर देश के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति भी दी जा रही है। हर घर तिरंगा अभियान के दूसरे चरण के तहत जिले भर में तिरंगा महोत्सव मनाए जाएंगे। गांव एवं शहर के सार्वजनिक स्थान, जल संरचनाएं, जल और सेनिटेशन सूचनाएं नाली सफाई, ग्रे–वाटर प्रबंधन, पाईपलाईनों से वाटर लिकेज को बंद करना, सीएससी, आरआरसी और अन्य परिसम्पत्तियों की सुरक्षा संबंधी कार्यकराए जा रहे हैं। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन एवं इसके प्रबंधन संबंधी कार्य तथा गांव के रास्तों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर आजादी का श्रम दान थीम पर स्वच्छता कार्यक्रम हो रहे हैं। कई जगह तिरंगा रैली निकाली गई। वहीं स्कूलों में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया। संभागीय आयुक्त कार्यालय में तिरंगा कैनवास स्थापित किया गया। इसमेंसंभागीय आयुक्त सुश्री केवलरमानी सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आगंतुकों ने हर घर तिरंगा का संदेश अंकित किया।



## शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तिरंगा रैली सहित विविध गतिविधियां

**कोटा, 12 अगस्त।** राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव आयोजनों की श्रृंखला में 'हर घर तिरंगा'– 'हर घर स्वच्छता' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में तिरंगा को समर्पित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त तक विविध गतिविधियां निर्धारित की गई है जिन्हें जन सहभागिता से कराया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े व्यक्तियों ने उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली। सुजल गांव/सुजल शहर की शपथ भी ली। कुछ स्थानों पर रास्तों, सार्वजनिक स्थल,सरोवर, तालाब इत्यादि जल स्रोतों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। संकल्प लिया कि वे स्वच्छता को अपने स्वभाव का स्थाई भाग बनाएंगे तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए सूखा और गीला कचरा अलग–अलग रखेंगे। सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, जल स्रोतों का संरक्षण करते हुए इसके प्रति सामूहिक जागरूकता उत्पन्न करेंगे। हर घर जल कार्यक्रम के तहत बनाई गई परिसंपत्तियों की रक्षा करेंगे। गवर्नमेंट कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया। डी पार्क से रैली प्रारंभ हुई जिसकी अगुवाई प्रो अरुण कुमार ने की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार टेलर, रीना कुमारी के साथ ही प्रो .मोनिका दक्षिणी, प्रो. मंजू बाला, प्रो. अंजू, प्रो. सीमा अग्रवाल एवं अन्य तथा हएनएसएस स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूर्व छात्र आशीष मीणा एवं अविनाश रैली में जय घोष करते हुए उत्साह भर रहे थे। 12 अगस्त तक जिले के सार्वजनिक स्थान, जल संरचनाएं, जल और सेनिटेशन सूचनाओं, नाली सफाई, ग्रे वाटर प्रबंधन, पाइपलाईनों से वाटर लीकेज बंद करना, सीएससी, आरआरसी और अन्य परिसंपत्तियों की सुरक्षा संबंधित कार्य भी निर्धारित किए गए हैं। प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन एवं इसके प्रबंधन संबंधी कार्य तथा जल एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं को देशभक्ति थीम से पेंट एवं सजावट करवाया जाना है।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर**
**सा.नि.वि. परिसर, अशोक टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर**
**फोनः 0144-2737038, E-mail: sealw.pwd@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः 1389 दिनांकः 30.07.2025

**NIT No.: 10/2025-26**

Bids for Regarding beautification work of Indian traditional glass (Thikri) in the sanctum sanctorum of State Self-reliant Temple Shri Mathuradhish Ji Alwar, repair and conservation of archaeological and decoration work along with other conservation and civil works in alwar are invited from interested bidder from 30.07.2025 02:00 PM up to 14.08.2025 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in** and **http://sppp.raj.nic.in** of the state and **http://pwd.rajasthan.gov.in** departmental website. The approximate value of the procurements is **79.04/- Laces.**

**UBN No.:-** 1. PWD2526WSOB08546, **NIB No.:-** PWD2526A2330

**DIPR/C/11089/2025** **Superintending Engineer, PWD Circle Alwar**

## आज का दिन

भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1447, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 12 अगस्त, सन् 2025 ईस्वी। वार- मंगलवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-ग्रीष्म

## सम्पादकीय

# टैरिफ वारः समाधान बातचीत से निकाला जाए

**सीजफायर** और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3 प्रतिशत है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

*दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3 प्रतिशत है।*

## विदेशी अखबारों से

# चीन में हलचल तेज, राजनयिक लियू जियानचाओ को हिरासत में लिया

**चीन** के सियासी गलियारों में हलचल तेज है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया कि चीनी अधिकारियों ने वरिष्ठ राजनयिक लियू जियानचाओ को जांच के लिए हिरासत में लिया है। अख़बार ने बताया कि लियू को जुलाई के अंत में विदेश यात्रा के बाद बीजिंग पहुंचने पर हिरासत में ले लिया गया था। हिरासत का कारण स्पष्ट नहीं है। लियू कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख हैं, जो विदेशी राजनीतिक दलों से संपर्क करने वाली एक एजेंसी है और चीन के विदेश मंत्रालय के समानांतर काम करती है। वह मई 2022 से इस पद पर हैं। लियू के वांग यी की जगह बीजिंग के शीर्ष राजनयिक का पदभार संभालने की व्यापक उम्मीद थी। जुलाई 2023 में किन गैंग को उनके पदभार ग्रहण करने के एक साल से भी कम समय बाद अचानक पद से हटा दिए जाने के बाद वांग को फिर से विदेश मंत्री नियुक्त किया गया था। बर्खास्तगी के बाद से किन को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के एसोसिएट प्रोफेसर अल्फ्रेड वू ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है। लियू को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जा रहा था जो भविष्य में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की जगह ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर बीजिंग की कार्रवाई, खासकर उच्च पदस्थ अधिकारियों को निशाना बनाकर, भ्रष्टाचार से लड़ने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करके आम लोगों के बीच शी की वैधता और लोकप्रियता को भी बढ़ाती है। वु ने आगाह किया कि हिरासत से जुड़े विवरण अस्पष्ट हैं और शायद कभी उजागर न हों लेकिन उन्होंने कहा कि जब वरिष्ठ चीनी सरकारी अधिकारियों से पूछताछ की जाती है, तो सबसे संभावित कारण भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दे होते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

# खुशी का रहस्य

**एक** छोटे से गांव में रवि नाम का एक लड़का रहता था। वह हमेशा दूसरों से बेहतर बनने की होड़ में लगा रहता था। उसे लगता था कि जिसके पास सबसे ज़्यादा चीज़ें होंगी, वही सबसे सुखी होगा। इसी सोच में वह दिन-रात पैसे कमाने और चीज़ें इकट्ठा करने में लगा रहता था। एक दिन, गांव में एक संत आए। उनके प्रवचन सुनने दूर-दूर से लोग आने लगे। रवि भी संत के पास गया। संत ने अपने प्रवचन में कहा, मनुष्य की सबसे बड़ी दौलत संतोष है। रवि को संत की बात समझ नहीं आई। उसने सोचा, यह कैसे हो सकता है? वह संत के पास गया और उनसे पूछा, महाराज, मैं आपकी बात नहीं समझा। संत मुस्कुराए और बोले, पुत्र, कल सुबह तुम मेरे साथ चलना। अगले दिन सुबह, संत और रवि एक सुनसान जगह पर गए। संत ने रवि से कहा, देखो, इस ज़मीन पर कितने सुंदर फूल खिले हैं। क्या तुम इन्हें तोड़कर अपने घर ले जाओगे? रवि ने कहा, नहीं महाराज, ये तो यहीं अच्छे लगते हैं। संत ने फिर पूछा, और यह बहती नदी का पानी? क्या तुम इसे रोककर अपने घर ले जाओगे? रवि ने कहा, नहीं महाराज, नदी का पानी तो बहता ही अच्छा लगता है। तब संत ने रवि से कहा, ठीक इसी तरह, जीवन में कुछ चीज़ें ऐसी होती हैं जिन्हें पाने की बजाय बस उनका आनंद लेना चाहिए। हमें हर चीज़ को अपना बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा बनता सदन

**ललित गर्ग**

*विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि।*

**बिहार** में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं।

विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा।



इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था- संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है। संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं। जब तक संसद के सदस्य यह नहीं समझेंगे कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि अपने दल के प्रचारक, तब तक दिशा भटकती रहेगी। विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है, जनता का दबाव। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुप राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे।

# दो जुझारू नेताओं का निधन

**बीएन गुर्जर**

*साल 1944 में अविभाजित बिहार के हजारीबाग में जन्मे शिबू सोरेन के संघर्ष की शुरुआत अल्पायु में ही हो गई थी। उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने आदिवासी इलाकों में फैले महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज़ उठाई थी। पिता के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ उठाई और धान कटनी आंदोलन चलाया। उन्होंने आदिवासियों को जागरूक किया कि धान लगाने वाला ही धान काटेगा और इस पर महाजनों का कोई अधिकार नहीं है।*

**भारतीय** राजनीति से दो दिनों में दो कद्दावर नेताओं का निधन बड़ी शून्यता कायम कर गया है। 4 अगस्त को शिबू सोरेन का निधन हुआ और 5 अगस्त को सत्यपाल मलिक का। सोरेन और मलिक दोनों की राजनीति के तौर-तरीके अलग थे, दल अलग थे, विचारधारा अलग थी। लेकिन मिज़ाज दोनों का एक ही तरह का था, जुझारू, अक्खड़पना, जमीन से जुड़ाव और गांधी की भाषा में कहें तो अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की फिक्र दोनों नेताओं की राजनीति के केंद्र में रही। शिबू सोरेन आदिवासियों के बड़े नेता थे, उन्हें झारखंड के लोग केवल दिशोम गुरु (समाज का गुरु) ही नहीं कहते हैं, बल्कि भगवान की तरह मानते हैं। सत्यपाल मलिक का जनाधार बेशक शिबू सोरेन की तरह नहीं रहा, लेकिन उन्होंने भी गरीब, वंचित पीड़ित लोगों के हितों को तरजीह दी। शिबू सोरेन और सत्यपाल मलिक में सबसे बड़ी समानता यह रही कि सत्ता के साथ रहते हुए जी हुजूरी नहीं की और सत्ता के खिलाफ रहे तो खौफ नहीं खाया। साल 1944 में अविभाजित बिहार के हजारीबाग में जन्मे शिबू सोरेन के संघर्ष की शुरुआत अल्पायु में ही हो गई थी। उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने आदिवासी इलाकों में फैले महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज उठाई थी। पिता के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और धान कटनी आंदोलन चलाया। उन्होंने आदिवासियों को जागरूक किया कि धान लगाने वाला ही धान काटेगा और इस पर महाजनों का कोई अधिकार नहीं है। 70 से 80 के दशक में ये आंदोलन बहुत बड़ा हो गया, इसने झारखंड के किसानों, कामगारों और काश्तकारों को एकजुट किया, आदिवासियों को शोषण के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत दिलाई। इसी वजह से शिबू सोरेन को झारखंड के लोगों ने दिशोम गुरु की उपाधि दी। कई सालों तक शिबू सोरेन ने आदिवासियों के लिए रात्रि पाठशाला चलाई ताकि दिन भर अपना-अपना काम निपटाने के बाद आदिवासी पढ़ पाएं। शिक्षा के अलावा शराब और नशे से आदिवासियों को दूर करने की कोशिश भी शिबू सोरेन ने की। 1980 में पहली बार सांसद बनने के बाद जब उन्होंने संसद में भाषण दिया तो शराब के विरोध में बोले।

शिबू सोरेन ने सामाजिक सुधार के साथ 1973 में राजनीति में कदम रखा, विनोद महतो और कामरेड एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की। अविभाजित बिहार में प्राकृतिक संसाधनों का खजाना लिए दक्षिण के 26 जिलों को मिलाकर एक झारखंड राज्य बने, ऐसी कल्पना उन्होंने की। लंबे संघर्ष और राजनैतिक उठापटक के बाद आखिरकार 2000 में झारखंड राज्य बना, साथ में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड भी बने। हालांकि झारखंड निर्माण के बाद कई बार राजनैतिक अस्थिरता बनी। इस दौरान शिबू सोरेन कभी लोकसभा, कभी राज्यसभा, कभी विधानसभा के सदस्य बनते रहे। विभिन्न दलों के साथ उनके वैचारिक, सैद्धांतिक टकराव हुए। दिल्ली की सत्ता पर बैठे लोगों के साथ उन्होंने समझौते भी किए, लेकिन इन सबके बीच आदिवासियों के हितों के उद्देश्य से गुरुजी एक बार भी नहीं भटके। आठ बार लोकसभा सांसद, दो बार राज्यसभा सांसद, दो बार विधायक बनने वाले शिबू सोरेन ने केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री जैसे पद संभाले, हालांकि कई तरह के मामले-मुकदमों और राजनैतिक उठापटक में वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर पाए। आज जब सत्ता पर किसी भी तरह बैठना ही कई नेताओं का अंतिम लक्ष्य बन गया है, तब शिबू सोरेन जैसे नेताओं के जीवन को याद करना चाहिए, जिन्होंने सत्ता से पहले नागरिकों का ख्याल रखा।

सत्यपाल मलिक का भी राजनीतिक जीवन पांच दशक लंबा रहा। 1968-1969 में छात्र राजनीति से शुरुआत करते हुए श्री मलिक किसान नेता चौधरी चरण सिंह के करीब आए और 1974 में चुनावी राजनीति में उतरे। बागपत से विधानसभा का चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने। इसके बाद वे चौधरी चरण सिंह के साथ ही लोक दल में शामिल हो गए, उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया गया। सत्यपाल मलिक 1980 में लोक दल की ओर से ही राज्यसभा पहुंचे। 1984 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें 1986 में एक बार फिर राज्यसभा पहुंचाया। बोफोर्स मामला उठने के बाद मलिक वी पी सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल में शामिल हुए, 1989 में सांसद बने और केन्द्रीय राज्य मंत्री भी। इसके बाद 2004 में सत्यपाल मलिक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजनीतिक उथल-पुथल, सत्ता के खेल इन सबको मलिक ने करीब से देखा, कई बार उनमें प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हुए। जिस पार्टी के साथ रहे, उससे मतभेद भी हुआ। लेकिन भाजपा में नरेन्द्र मोदी का शासनकाल शुरु होने पर जिस तरह उनके मतभेद सामने आए, वे सर्वाधिक चर्चित हुए। पुलवामा हमले पर मोदी सरकार ने उन्होंने जो हमला बोला, उसकी काफी चर्चा हुई। बहरहाल, सत्यपाल मलिक ने खुलासा किया था कि उन्होंने सरकार से कहा था कि जवानों को हवाई मार्ग से भेजा जाना चाहिए, लेकिन उनकी सलाह नहीं मानी गई। इसके अलावा उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। इससे पहले किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना, अग्निवीर पर फैसला, भूमि अधिग्रहण विधेयक इन सब पर उन्होंने सरकार की मुखालफत की।

# अमर, अकबर, एंथनी जैसी हो जाएगी भारत-रूस और चीन की तिकड़ी

**आशीष शुक्ला**

**अमेरिका** भारत पर गुरुवार से व्यापार में 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाने वाला है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा है कि भारत अगर रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रखता है तो टैरिफ और अधिक हो सकता है। मंगलवार को अपनी धमकी दोहराते हुए उन्होंने 24 घंटे के अंदर टैरिफ बढ़ाने की बात कह दी। भारत में स्वाभाविक ही इससे चिंता है। सवाल है कि ट्रंप अपने कहे पर अड़े रहे तो क्या होगा?

पहले रूस की बात कर लें। भारत अपना 85 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसका 35 प्रतिशत फिलहाल वह रूस से ले रहा है। सोचिए, आज का भारत किस पर आश्रित है? यह उस मुल्क पर आश्रित है, जो आपकी शर्तों पर तेल मुहैया करवाता है। पैसे भी आपकी ही करंसी में लेता है। जहां तक हथियारों का सवाल है, हमने हमेशा रूस की उंगली थामी है। क्यों? क्योंकि वह उसकी तकनीक भी साझा करता है। अमेरिका की तरह इससे इनकार नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूर में हम एस400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तारीफ कर रहे थे, यह रूस से ही भारत को मिला है। फिर मिसाइल हों, टैंक हों, मेड इन इंडिया में भारत के साथ कंधे से कंधा मिला कर रूस खड़ा है।

अमेरिका कहता है ऐसे दोस्त को छोड़ दो। भला क्यों? क्योंकि व्यापार में भारत को अमेरिका 44 बिलियन डॉलर (सरप्लस ट्रेड) का फायदा देता है। भारत के साथ अमेरिका का फिलहाल व्यापार करीब 132 बिलियन डॉलर का है। वह कहता है 2030 तक इसे 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचा देंगे। आशय यह है कि अगर बात मान ली, तो शायद टैरिफ की मार हलकी हो जाए। नहीं तो लगेंगे सैंक्शंस। जहां तक रूस से तेल खरीदने का सवाल है, भारत इससे समझौता नहीं करेगा। रूस से तेल भी आएगा और हथियार भी। भारत पर सैंक्शंस तब लगेंगे जब पहले रूस पर नए सैंक्शंस लगें। अभी ट्रंप डांवाडोल हैं। एक-आध दिन में उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ मॉस्को में होंगे। पर्दे के पीछे दोनों महाशक्तियां एक दूसरे से उलझना नहीं चाहतीं।

जहां तक 25 प्रतिशत टैरिफ का सवाल है, इससे सबसे अधिक नुकसान गुजरात के हीरे-जवाहरात के व्यापारी, झींगा के आयात में लगे आंध्र प्रदेश और ओडिशा के सौदागरों को होगा। हजारों की तादाद में नौकरियां जा सकती हैं।

इस नुकसान की भरपाई करने के कई तरीके हैं। एक तरीका छोटे उद्योगों को पांच साल तक ब्याज से मुक्त राशि निर्यात के लिए देकर हो सकता है। जो हमारा सर्विस सेक्टर है, उसकी निर्यात की राशि फिलहाल विश्व में 336 बिलियन डॉलर की है। इसमें अमेरिका का योगदान सिर्फ 14 प्रतिशत है। यहां गुंजाइश है क्योंकि ये टैरिफ के बाहर है। दूसरा उपाय यह हो सकता है कि भारत अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदे। वह उस पर कम टैरिफ लगाकर ट्रंप को छाती ठोंकने का मौका भी दे सकता है। ये सेक्टर व्हिस्की, ऑटो आदि हो सकते हैं। जिन खाद्य पदार्थों पर हम 64 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाते हैं, जैसे बादाम, पिस्ता, दालें, कपास, सेब वगैरह-वगैरह, उन्हें कम कर सकते हैं। बदले में अगर वह भारत पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटा देते हैं तो इससे 'ना तुम जीते, ना हम हारे' वाला समीकरण बन सकता है।

## हास्य-व्यंग्य

# निजी निठल्लापन...

**आलोक पुराणिक**

**सरकारी** निठल्लापन नहीं था, वह निजी निठल्लापन था। देश के लगभग सबसे बड़े निजी बैंक के दफ्तर में एक काम से लाइन में लगा था मैं।

सरकारी बैंकों, सरकारी दफ्तरों में निठल्लापन बहुत सहज लगता है। साधो, निठल्लापन सहज भला। सरकारी बैंकों, सरकारी दफ्तरों में बंदा घुसता है, तो निठल्लेपन की मानसिक तैयारी होती है। सिंह साहब चाय पीने गये होंगे। निजी तौर पर सरकारी दफ्तरों, सरकारी बैंकों का माहौल मुझे अठारहवीं शताब्दी के ढीलेपन की दिलकश याद दिलाता है। तेज-तर्रार निजी बैंकों के दफ्तरों की कंप्यूटर-जनित तेजी तो डराती है मुझे।

पर साहब मेरा डर गायब होने लगा है, निजी बैंक के दफ्तर में बीस मिनट लाइन में लगा रहा, एक बंदा आगे ना खिसका। पूछा तो पता चला कि कंप्यूटर ठप है और पीछे से ठप है। कंप्यूटर एक घंटे बाद सही हुआ, तो कोई गुप्ताजी लाइन से बाहर से अवतरित हुए, आठ-दस फार्म और उनके साथ भरी जानेवाली रकम दे गये।

मैंने नाराजगी में कहा-ये लाइन से बाहर काम तो सरकारी बैंकों में होता था, अब ये निजी बैंकों में भी होने लगा।

गुप्ताजी फुल आक्रामकता से मुखातिब होकर बोले-जी देश तो वो ही है, क्या निजी, क्या सरकारी।

मजा आ गया। मेरा टेंशन कम होने लगा है। अब निजी बैंकों में भी आने-जाने में घबराऊंगा नहीं। अठारहवीं शताब्दी का ढीलू फील का लेने के लिए हाल तक मैं डाकखानों में, सरकारी बैंकों में जाता रहा हूं, अब निजी बैंकों के दफ्तर भी जाया करुंगा।

मैंने निवेदन किया निजी बैंक के ब्रांच मैनेजर से कि उस दीवार पर पान की पीक भी थोड़ी डलवा दें, तो सरकारी दफ्तर का पूरा फील आ जायेगा।

भविष्य में अगर हथियार व्यवस्थाएं ठप-बंद कंप्यूटर आधारित हो गयीं, तो क्या होगा।

मुझे भविष्य का एक सीन दिखायी दे रहा है-कारगिल बार्डर पर भारत-पाक सैनिक आमने सामने हैं, फायरिंग कंप्यूटरों के जरिये होनी है। कंप्यूटर पीछे से ठप हैं, दोनों साइड से ही, तो नो फायरिंग। दोनों साइड के बंदे बोर हो गये हैं। चल गाना सुना दे,बोर हो रहे हैं। हार-जीत का फैसला चलो अंत्याक्षरी से होगा।

ठप-बंद कंप्यूटरों का अहिंसा में यह एतिहासिक योगदान होगा।

# स्टेलेंटिस इंडिया ने अहमदाबाद में दोहरे ब्रांड रिटेल अनुभव के लॉन्च के साथ गुजरात में अपनी उपस्थिति मजबूत की





**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत में ग्राहकों की पहुँच और ब्रांड पहुँच बढ़ाने के अपने वादे को पूरा करते हुए, स्टेलेंटिस इंडिया ने सूरत में इस प्रारूप की सफल शुरुआत के बाद, गुजरात में अपने दूसरे स्टेलेंटिस ब्रांड हाउस (एसबीएच) के लॉन्च के साथ पश्चिमी भारत में अपनी उपस्थिति का और विस्तार किया है। अहमदाबाद स्थित यह सुविधा विश्व स्तर पर प्रशंसित जीप और सिट्रॉएन ब्रांडों को एक ही छत के नीचे लाती है, जिससे ग्राहकों को एक सहज फ़िज़िटल रिटेल अनुभव मिलता है।

सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग पर रणनीतिक रूप से स्थित, यह नया शोरूम एक व्यापक, भविष्योन्मुखी ब्रांड वातावरण प्रदान करता है। अहमदाबाद स्थित स्टेलेंटिस ब्रांड हाउस, ग्रैंड चेरोकी, रैंगलर, मेरिडियन और कंपास सहित जीप एसयूवी की पूरी श्रृंखला के साथ-साथ सिट्रॉएन की विशिष्ट पेशकशों जैसे कि बेसाल्ट, ई-सी3, सी3, सी5 एयरक्रॉस और सी3 एयरक्रॉस को प्रदर्शित करता है। ग्राहक अब एक ही, एकीकृत स्थान पर दोनों ब्रांडों को एक्सप्लोर, कस्टमाइज़ और अनुभव कर सकते हैं, जो बिक्री और बिक्री के बाद की सेवाओं दोनों में एकरूपता सुनिश्चित करता है। स्टेलंटिस इंडिया के बिज़नेस हेड और ऑटोमोटिव ब्रांड्स के निदेशक, कुमार प्रियेश ने कहा कि अहमदाबाद का ऑटोमोटिव परिदृश्य जीवंत और विकासशील है, जो इसे हमारे अगले स्टेलंटिस ब्रांड हाउस के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। यह दोहरे ब्रांड वाला केंद्र आज के ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो दो प्रीमियम ब्रांडों की सुविधा, एक सहज फ़िजिटल अनुभव और विश्व स्तरीय सेवा - सभी एक ही स्थान पर प्रदान करता है। यह भारत में एक मज़बूत, एकीकृत खुदरा उपस्थिति बनाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्टेलंटिस ब्रांड हाउस अहमदाबाद (मैग्नस मोटर्स) के डीलर प्रिंसिपल, संकल्प जोइसर ने कहा कि हमें जीप और सिट्रोएन दोनों का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑटोमोटिव रिटेल के इस परिवर्तनकारी क्षण का हिस्सा बनने पर गर्व है। दोहरे ब्रांड की पेशकश की रणनीति हमें ग्राहकों को एक उन्नत और विशिष्ट अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाती है - चाहे वे मज़बूत क्षमता चाहते हों या परिष्कृत आराम।

हमारी टीम उस जुनून, व्यावसायिकता और व्यक्तिगत देखभाल को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसकी ग्राहक इन जैसे वैश्विक ब्रांडों से अपेक्षा करते हैं। सिर्फ़ एक डीलरशिप से कहीं ज़्यादा, स्टेलंटिस ब्रांड हाउस एक समग्र ऑटोमोटिव गंतव्य है। इसमें अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा, 3D कॉन्फिगरेटर सहित इंटरैक्टिव डिजिटल उपकरण, उन्नत डायग्नोस्टिक्स और एक पूरी तरह से सुसज्जित सर्विस सेंटर शामिल हैं। जीप और सिट्रॉएन दोनों द्वारा प्रशिक्षित कर्मचारी, ग्राहकों को उनकी यात्रा के हर चरण में असाधारण उत्पाद ज्ञान और सहायता प्रदान करने पर केंद्रित हैं। स्टेलंटिस प्रमुख शहरों में जीप और सिट्रॉएन टचपॉइंट्स के बढ़ते नेटवर्क के साथ भारत में अपनी पहुँच का विस्तार जारी रखे हुए है। अहमदाबाद स्थित यह सुविधा उन बहु-ब्रांड गंतव्यों की बढ़ती सूची में शामिल हो गई है जो समूह की दीर्घकालिक रणनीति का प्रतीक हैं, जो अपने विविध पोर्टफोलियो की शक्ति का लाभ उठाते हुए, ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण के साथ पैमाने को जोड़ती है।

# अम्मन इंडिया ने गुजरात में एबीजी पेवर लॉन्च और हाई-टेक वेयरहाउस के साथ अपनी विनिर्माण और आफ्टरमार्केट क्षमताओं को किया मजबूत

## अम्मन इंडिया ने पहला एबीजी पेवर लॉन्च किया और सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया

**गुजरात, एजेंसी।** अम्मन इंडिया ने अपने विकास और एकीकरण के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने गुजरात स्थित अपने अत्याधुनिक डिटासन विनिर्माण संयंत्र की नई असेंबली लाइन से पहला एबीजी 5420 ट्रैक्ड पेवर (टियर 3) सफलतापूर्वक रोल-आउट किया।

यह ऐतिहासिक क्षण, एबीजी पेवर व्यवसाय के अम्मन इंडिया में पूर्ण एकीकरण का प्रतीक है और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' दृष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। यह रोल-आउट अम्मन की स्थानीयकरण, नवाचार और भारत से विश्वस्तरीय सड़क निर्माण समाधान उपलब्ध कराने की रणनीतिक प्राथमिकता को दर्शाता है।

इस औपचारिक लॉन्च का नेतृत्व श्री बर्न्ड होल्ज़, कार्यकारी उपाध्यक्ष, एबीजी जनरल मैनेजमेंट, और श्री धीरज पांडा, प्रबंध निदेशक, अम्मन इंडिया, ने अन्य वरिष्ठ नेतृत्व सदस्यों के साथ किया।

भारत का निर्माण क्षेत्र वर्तमान में भारतमाला, पीएम गति शक्ति और स्मार्ट सिटी मिशन जैसे प्रमुख सरकारी बुनियादी ढांचा कार्यक्रमों से प्रेरित होकर तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नई सुविधा के जुड़ने से अम्मन, तकनीकी रूप से उन्नत, ईंधन-किफायती और उत्सर्जन-मानक अनुरूप सड़क निर्माण मशीनरी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेहतर स्थिति में होगा। टियर 3 उत्सर्जन मानकों के अनुरूप एबीजी 5420, उन भारतीय ठेकेदारों के लिए उपयुक्त है, जो प्रदर्शन, विश्वसनीयता और स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं।

इसके साथ ही, एबीजी 5420 पेवर को अंतरराष्ट्रीय बाजारों, विशेषकर दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि यह टियर 3 मानकों के अनुरूप, अनुकूलनीय और प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले पेवर्स के लिए एक रणनीतिक निर्यात आधार बन सके। आने वाले समय में, घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों के लिए अधिक पेवर का उत्पादन किया जाएगा, जिससे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापक ग्राहक आधार को सेवा देना संभव होगा।

अम्मन इंडिया ने इसी दिन डिटासन में 10,000 वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल वाला एक समर्पित एबीजी वेयरहाउस भी शुरू किया, जिसमें अतिरिक्त 2,000+ वर्गफुट सामग्री स्टेजिंग ऑपरेशंस के लिए है। इस सुविधा में उन्नत सामग्री हैंडलिंग सिस्टम हैं, जो प्रति शेल्फ 1,200 किलोग्राम तक का भार संभाल सकते हैं, साथ ही 8-स्तरीय स्टैकिंग क्षमता वाला जटिल मल्टी-लेवल रैकिंग सिस्टम है, जो लगभग 1,800 स्क्यू को स्टोर करने में सक्षम है। भविष्य के विस्तार और स्केलेबल संचालन को ध्यान में रखकर बनाई गई यह वेयरहाउस संरचना, एबीजी उत्पादों के लिए त्वरित पुर्जों की उपलब्धता, अनुकूलित सामग्री प्रवाह, कम डिलीवरी समय और बेहतर सेवा प्रतिक्रिया प्रदान करते हुए, कंपनी की विनिर्माण आवश्यकताओं और आफ्टरमार्केट सपोर्ट क्षमताओं को काफी मजबूत करेगी।

इस अवसर पर श्री धीरज पांडा, प्रबंध निदेशक, अम्मन इंडिया, ने कहा, डिटासन से पहले एबीजी पेवर का रोल-आउट और समर्पित वेयरहाउस का उद्घाटन, हमारे स्थानीयकरण, परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के सशक्त प्रमाण हैं। ये मील के पत्थर भारत में हमारे एबीजी विकास यात्रा को गति देंगे और हमें एक वैश्विक विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र के रूप में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इन दोनों घोषणाओं ने अम्मन इंडिया के विनिर्माण नवाचार, स्थानीय उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रित सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर पर रणनीतिक फोकस को और मजबूत किया है, जिससे कंपनी घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में तेज़ी और सटीकता के साथ सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी।

# बीएलएस पॉलिमर्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीएलएस पॉलिमर्स लिमिटेड ('कंपनी'), ने बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('डीआरएचपी') दाखिल किया है। यह कंपनी दूरसंचार, बिजली, रेलवे, जल, तेल और गैस वितरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण उद्योगों को सेवा प्रदान करने वाले कस्टम-निर्मित पॉलीमर कंपाउंड्स के कई ग्रेड का निर्माण करती है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। सार्वजनिक पेशकश में 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य के 1,70,00,000 तक के इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम शामिल है। बीएलएस पॉलिमर्स लिमिटेड पॉलीमर कंपाउंड्स के कई ग्रेड के निर्माण में लगी हुई है। पॉलीमर कंपाउंड्स का उपयोग बिजली, दूरसंचार और रेलवे उद्योगों में उपयोग होने वाले तारों और केबलों के आवरण और इन्सुलेशन के साथ-साथ भूमिगत तेल, गैस और पानी के पाइपलाइनों पर कोटिंग के लिए एक आवश्यक कच्चे माल के रूप में किया जाता है, ताकि उन्हें जंग और बाहरी पर्यावरणीय कारकों से सुरक्षा प्रदान की जा सके।

# वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजकोट स्थित वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड (वीजीएल) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। इस ऑफर में 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करना और 5,24,35,268 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस में निवेशक विक्रय शेयरधारक कस्तूरा इन्वेस्टमेंट्स और प्रवर्तक समूह विक्रय शेयरधारक, परसोतमभाई जीवराजभाई पटेल, रमनभाई जीवराजभाई वरमोरा और वल्लभभाई जीवराजभाई वरमोरा शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025 में राजस्व के आधार पर, चुने गए सूचीबद्ध समकक्षों में वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड भारतीय टाइल्स बाज़ार के अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट) टेक्नोपैक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 से 2025 के बीच, टाइल्स को अपने प्राथमिक सेगमेंट के रूप में रखते हुए, राजस्व सीएजीआर के आधार पर, वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड भारत में चुने गए सूचीबद्ध समकक्षों में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली कंपनी है। टेक्नोपैक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 2010 में पहली बार डिजिटल प्रिंटेड वॉल टाइल्स लॉन्च कीं और 2006 में उद्योग में सबसे पहले होमोजेनस-बॉडी स्लैब्स -(i) 1170 × 1770 मिमी और (ii) 1185 × 1785 मिमी फुल-बॉडी स्लैब्स पेश किए। इसके अलावा, 2012 में डबल चार्ज टाइल्स, 2017 में हाई ग्लॉस और रॉकर, तथा 2020 में किचन स्लैब्स (80×260) लॉन्च किए। कंपनी 2024 में एशिया में पहली बार इंटीग्रेटेड स्टोन टेक्नोलॉजी (IST) का व्यवसायीकरण करने वाली भी बनी (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट), जिसे इटली की टाइल उपकरण प्रदाता कंपनी SACMI Imola S.C. ("SACMI") के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया।

# बांगुर कॉन्क्रीट ने कर्नाटक में लॉन्च किया पहला आरएमसी प्लांट, दक्षिण भारत के मार्केट में किया प्रवेश

## देश भर में 19 आरएमसी प्लांट्स के साथ कंपनी की विस्तार यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी सीमेंट उत्पादकों में से एक श्री सीमेंट लिमिटेड के मास्टर ब्राण्ड 'बांगुर' ने येलाहांका, उत्तरी बैंगलुरू में अपने पहले रैडी-मिक्स कान्क्रीट (आरएमसी) प्लांट के लॉन्च के साथ दक्षिणी मार्केट में प्रवेश किया है। 101 क्युबिक मीटर प्रति घण्टा की क्षमता के साथ डिज़ाइन की गई यह आधुनिक युनिट देश भर में कंपनी की विस्तार योजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि है।

अपनी मौजूदगी बढ़ाने की योजनाओं के तहत कंपनी ने कर्नाटक में यह विस्तार किया है। येलाहांका युनिट के साथ बांगुर कॉन्क्रीट के अब देश में 19 आरएमसी प्लांट्स हैं। हर प्लांट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह निरंतर अच्छी गुणवत्ता को बनाए रखते हुए पर्यावरण के सख्त मानकों का अनुपालन करे और संचालन दक्षता को भी सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर नीरज अखौरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, ''कर्नाटक में अपने पहले आरएमसी प्लांट का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह दक्षिणी मार्केट को सेवाएं प्रदान करने की हमारी यात्रा में बड़ी उपलब्धि है।

येलाहांका युनिट पर्यावरण के प्रति सजग एवं उच्च गुणवत्ता के समाधानों के साथ बैंगलुरू की इन्फ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस नए प्लांट के साथ अब भारत में हमारे आरएमसी प्लांट्स की संख्या 19 पर पहुंच गई है और हमने देश के निर्माण सेक्टर में भरोसेमंद पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है।''

बैंगलुरू प्लांट, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्थायित्व एवं इनोवेशन के लिए बांगुर कॉन्क्रीट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही भारत के तेज़ी से विकसित होते इस शहरी केन्द्र में हमारी स्थिति को मजबूत बनाता है।

इस शहर में रेज़ीडेन्शियल, कमर्शियल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सेगमेन्ट में पर्यावरण के अनुकूल, बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले समाधानों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बांगुर कॉन्क्रीट सटीकता और दक्षता के साथ इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तत्पर है।

नया प्लांट बैंगलुरू में एवं आस-पास के क्षेत्रों में सार्वजनिक एवं निजी सेक्टर की परियोजनाओं को समय पर एवं भरोसेमंद कॉन्क्रीट की सप्लाई देकर शहर के मौजूदा एवं भावी विकास कार्यों में योगदान देगा।

देश भर में बढ़ते फुटप्रिन्ट तथा इनोवेशन एवं स्थायित्व पर फोकस के चलते बांगुर कॉन्क्रीट ज़िम्मेदारी एवं दक्षता के साथ मजबूत शहरों का निर्माण करते हुए भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर के भविष्य को आकार देने में मुख्य भूमिका निभा रहा है।

# सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 1,400 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजकोट मुख्यालय वाली सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (SCEL) ने 1,400 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया है। इस पेशकश में 1,000 करोड़ रुपये तक का नया इश्यू और 400 करोड़ रुपये तक का ऑफ़र फ़ॉर सेल (OFS) शामिल है।

सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड विद्युत उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं जैसे पंप और मोटर, सोलर पंप और कंट्रोलर, पंखे, लाइटिंग, अन्य विद्युत उपभोक्ता उत्पाद और कृषि उपकरणों का बड़े पैमाने पर निर्माण करती है। वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2025 के बीच 95.17% की सीएजीआर के साथ परिचालन राजस्व के आधार पर, यह भारत में विद्युत उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और कृषि उपकरणों की सबसे तेज़ी से बढ़ती निर्माता कंपनी है। (स्रोत: 1लैटिस रिपोर्ट)

सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने गुजरात के राजकोट में 1,38,821 वर्ग मीटर में फैला भारत का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन और वर्टिकली इंटीग्रेटेड विद्युत उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और कृषि उपकरणों का संयंत्र स्थापित किया है। 31 मार्च 2025 तक, कंपनी की स्थापित क्षमता पंप और मोटरों के लिए 24,00,000 यूनिट, पंखों के लिए 72,00,000 यूनिट, लाइटिंग उत्पादों के लिए 2,19,00,000 यूनिट और कृषि उपकरणों के लिए 72,000 यूनिट है।

31 मार्च 2025 तक आवासीय और सोलर पंप सेगमेंट में निर्माण क्षमता के मामले में कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। (स्रोत: 1लैटिस रिपोर्ट) निर्माण सुविधा में उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए रोबोटिक ऑटोमेशन और कस्टमाइज्ड मशीनें हैं।

यह बैकवर्ड इंटीग्रेटेड है, जिससे बाहरी निर्भरता कम होती है, उच्च गुणवत्ता का उत्पादन सुनिश्चित होता है और बड़े पैमाने पर कारोबारी संचालन संभव होते हैं।

सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड एक दोहरे व्यवसाय मॉडल का संचालन करता है - (i) "Silver" और "Bediya" ब्रांड के तहत अपने ब्रांड की बिक्री, और (ii) भारत में प्रमुख मूल उपकरण निर्माताओं (OEMs) के लिए उत्पादों का डिज़ाइन, निर्माण और आपूर्ति।

मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं और ट्राइलीगल लीगल काउंसल है।

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रूप ने नोएडा में स्मार्ट सोलर कारपोर्ट के साथ ग्रीन इनोवेशन को बढ़ावा दिया

## 31,984 वर्ग मीटर में फैला और 1,031 सौर पैनलों से संचालित, यह इंस्टॉलेशन मेट्रो शहरों में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के लिए एक स्पेस-स्मार्ट समाधान प्रस्तुत करता है

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस ने आज नोएडा में एक प्रमुख आईटी कंपनी में अपने पहले सोलर कारपोर्ट इंस्टॉलेशन के सफल संचालन की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण परियोजना अभिनव, टिकाऊ बुनियादी ढांचे के लिए ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत की नवीकरणीय ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती है।

31,984 वर्ग मीटर में फैला और 1,031 से अधिक उच्च-दक्षता वाले सौर पैनलों से लैस, यह कारपोर्ट सालाना लगभग 7,31,900 किलोवाट-घंटा (यूनिट) बिजली उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हर साल लगभग 6,00,158 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की भरपाई करेगा, जो 27,568 से अधिक पेड़ लगाने के बराबर है। यह दोहरे-उद्देश्यीय संरचना न केवल 400 वाहनों के लिए छायादार पार्किंग सुविधा प्रदान करती है, बल्कि शहरी इलाकों की अनुपयोगी जगहों को नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में बदल देता है। राघवेंद्र मिरजी, कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं बिजनेस हेड, एनर्जी सॉल्यूशन्स, गोडरेज एंटरप्राइजेज ने कहा, जैसे-जैसे शहर की आबादी बढ़ रही है, और जगह कम होती जा रही है, ऐसे में ढांचागत विकास को स्मार्ट और टिकाऊ दोनों होना चाहिए। यह सोलर कारपोर्ट हमारी उस सोच का उदाहरण है, जिसमें हम शहरी भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करते हुए जलवायु लचीलापन भी मजबूत करते हैं। वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों में नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए नवाचार के ज़रिए, हम भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और लो-कार्बन इकोनॉमी की दिशा में योगदान दे रहे हैं। इस यात्रा में योगदान करने पर हमें गर्व है।

यह पहल भारत के 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य और इसके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों (एनडीसी) के तहत कार्बन तीव्रता में कमी के संकल्प में सीधा योगदान देती है। यह सरकार के उस दृष्टिकोण के साथ भी मेल खाती है, जो लचीले, ऊर्जा-सकारात्मक शहरों के निर्माण पर केंद्रित है, जो समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ जलवायु जोखिमों को भी कम करें। चूंकि टियर 1 शहर बड़े पैमाने पर सौर प्रतिष्ठानों के लिए जगह की कमी से जूझ रहे हैं, सोलर कारपोर्ट कॉरपोरेट्स के लिए अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने के लिए एक स्मार्ट और स्केलेबल समाधान के रूप में उभर रहे हैं। गोदरेज का डिज़ाइन कार्यक्षमता को सौंदर्यशास्त्र के साथ सहजता से मिश्रित करता है, भविष्य के लिए तैयार शहरी विकास के लिए एक खाका तैयार करता है।

यह परियोजना टिकाऊ प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा में भारत के नेतृत्व में योगदान देने के लिए गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की व्यापक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

जैसे-जैसे भारत हरित अर्थव्यवस्था में अपने संक्रमण को तेज कर रहा है, इस तरह के नवाचार पर्यावरणीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने, एक सही मायने में विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण होंगे।

# यूटीआई मिड कैप फंड - मिड कैप के सुनहरे अवसरों से दीर्घकालिक लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंपनियों के जीवन चक्र में एक ऐसा चरण आता है, जब वे शुरुआती संघर्ष पार कर चुकी होती हैं और स्थिर गति से आगे बढ़ रही होती हैं — लेकिन अभी इतनी बड़ी भी नहीं होतीं कि तेज़ विकास की उनकी क्षमता सीमित हो जाए। यही चरण मिड कैप कंपनियों का है, जिसे निवेश की दुनिया में अक्सर स्वीट स्पॉट कहा जाता है। ये कंपनियां पहले ही स्मॉल कैप कंपनियों के चुनौतीपूर्ण दौर — जैसे शुरुआती पूंजी जुटाना और प्रारंभिक विकास संबंधी मुश्किलें — पार कर चुकी होती हैं। इनके पास अपने क्षेत्र में नेतृत्व, मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता होती है। यही कारण है कि मिड कैप कंपनियां तेज़ी से बढ़ती स्मॉल कैप और स्थापित लार्ज कैप कंपनियों के बीच एक संतुलित और आकर्षक निवेश अवसर प्रदान करती हैं। मिडकैप स्टॉक लार्ज कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स के बीच आते हैं और आमतौर पर कंपनियों के बाजार पूंजीकरण के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। जैसा कि सेबी द्वारा परिभाषित किया गया है, पूर्ण बाजार पूंजीकरण द्वारा 101 से लेकर 250 वीं कंपनी तक मिडकैप शेयरों के अनुकूल है। मिडकैप फंड मुख्य रूप से मिड कैप शेयरों में निवेश करते हैं, जिसमें फंड के कॉर्पस का न्यूनतम 65 प्रतिशत फंड इक्विटी और इक्विटी संबंधित मिड कैप कंपनियों का होता है।

मिडकैप कंपनियों में निवेश करने वाले फंड निवेशक को पोर्टफोलियो विविधीकरण में मदद करने के लिए व्यापक बाजार पूंजीकरण को कवर करने का अवसर प्रदान करते हैं और इस तरह निवेशक को मध्यम आकार के व्यवसायों की विकास यात्रा में भाग लेने का अवसर मिलता है। हालांकि निवेशकों को जोखिम और प्रतिफल दोनों के रूप में अपने निहित जोखिमों को समझना चाहिए। मिडकैप फंड्स की क्षमता अच्छी तरह से डायवर्सिफाइड ग्रोथ फंड्स की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक है। यूटीआई मिड कैप फंड मुख्य रूप से मिड कैप कंपनियों में निवेश करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम है। फंड की रणनीति स्केलेबल बिजनेस मॉडल और लॉन्ग ग्रोथ रनवे के साथ कंपनियों में निवेश करने पर केंद्रित है, फंड उन अच्छी कंपनियों में भी निवेश करने के लिए खुला है, जिनका कारोबार कमजोरी के क्षणिक दौर से गुजर रहा है या परिवर्तनकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। फंड पूरी तरह बॉटम-अप दृष्टिकोण अपनाकर उन कंपनियों का चयन करता है, जिनके पास बेहतर वित्तीय स्थिति और मार्जिन बनाए रखने की क्षमता हो। लगभग 93 शेयरों के विविधीकृत पोर्टफोलियो के साथ, यह विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों को कवर करता है।

# इंडसइंड बैंक ने स्टार्टअप संस्थापकों को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया 'इंडस स्टार्टअप बैंकिंग' कार्यक्रम

## बैंक इस बैंकिंग कार्यक्रम के तहत, शुरुआती चरण के उद्यमों को हर तरह की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, जैसे मुफ्त भुगतान गेटवे, पीओएस इंस्टॉलेशन और गैर रख-रखाव शुल्क पर 3 साल की छूट

**मुंबई, एजेंसी।** इंडसइंड बैंक ने आज 'इंडस स्टार्टअप बैंकिंग' कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की। यह भारत में शुरुआती चरण के स्टार्टअप को सशक्त बनाने के लिए तैयार एक व्यापक बैंकिंग कार्यक्रम है। बैंक इस पहल के ज़रिये नए दौर के उद्यमों को शुरुआत से लेकर बड़े पैमाने पर समर्थन प्रदान करने के लिए विभिन्न किस्म की बैंकिंग सुविधाएं, ऋण और बैंकिंग से परे बहुत सी सेवाएं प्रदान प्रदान करेगा।

भारत में, 1.75 लाख से अधिक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं और इस तरह देश वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़े स्टार्टअप परितंत्र है। इंडसइंड बैंक इस कार्यक्रम के ज़रिये संस्थापकों के साथ साझेदारी कर उन्हें लचीले और उनकी ज़रूरत के अनुकूल समाधान प्रदान करना चाहता है ताकि वे अपने मुख्य व्यवसाय के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर सकें और बैंक उनकी परिचालन और वित्तीय आवश्यकताओं का ध्यान रखे। 10 साल से कम समय से कार्यरत स्टार्टअप बैंक की वेबसाइट पर या start-up.banking@indusind.com पर ईमेल करके आवेदन कर सकते हैं।

इंडसइंड बैंक के उपभोक्ता बैंकिंग एवं विपणन प्रमुख, सौमित्र सेन ने इस पहल पर अपनी टिप्पणी में कहा, इंडस स्टार्टअप बैंकिंग कार्यक्रम के साथ, हम देश के महत्वाकांक्षी और नवोन्मेषी उद्यमियों के साथ न केवल बैंकिंग भागीदार के रूप में, बल्कि विकास प्रक्रिया में दीर्घकालिक भागीदार के रूप में खड़े होना चाहते हैं। हमारी पेशकश रोज़मर्रा के काम को सरल बनाने, वित्तीय बाधाओं को कम करने और स्टार्टअप संस्थापकों को आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान करने के लिए तैयार की गई है।

भारत का स्टार्टअप परितंत्र नवोन्मेष और आर्थिक परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है, ऐसे में इंडसइंड बैंक को उनकी यात्रा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व है।

इस कार्यक्रम को बेहद सावधानी से तैयार किया गया है ताकि इसमें विभिन्न किस्म की पेशकश शामिल हो, जिसमें गैर रख-रखाव शुल्क पर 3 साल की छूट के साथ स्टार्टअप चालू खाते, डेवलपर पोर्टल के ज़रिये 250 से अधिक एपीआई तक पहुंच, भुगतान एवं संग्रह समाधान, कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट वेतन खाते, और कर दाखिल करने तथा कानूनी सलाहकार सेवाओं, एचआरएमएस एवं ईसॉप प्रबंधन के लिए बैंकिंग के अलावा अन्य सेवाएं शामिल हैं। इसके साथ-साथ, स्टार्टअप अपने ग्राहकों और निवेशकों के साथ बैठक आयोजित करने के लिए आठ शहरों- दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, चंडीगढ़, जयपुर और कोलकाता में प्रीमियम पायनियर लाउंज का उपयोग कर सकते हैं। यह कार्यक्रम संस्थापकों के लिए विशेष अग्रणी व्यक्तिगत बैंकिंग विशेषाधिकार और विशेषज्ञ सत्र भी प्रदान करता है।

इंडसइंड बैंक इस नए शुरू किए गए कार्यक्रम के अलावा, एआईसी एसटीपीआई आईएनईएक्सटी, डीपीआईआईटी - स्टार्टअप इंडिया और आईआईएम लखनऊ ईआईसी के साथ रणनीतिक साझेदारियों के ज़रिये भारत के स्टार्टअप परितंत्र को मज़बूत कर रहा है।

# बाड़मेर सोलर कंपनी प्लांट से चुराई 25 मॉडल प्लेट, नाकाबंदी में पिकअप में भरी 23 प्लेट्स की बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

बाड़मेर, 12 अगस्त। बाड़मेर जिले की शिव पुलिस ने एक पिकअप गाडी में से सोलर कंपनी की चुराई 23 प्लेट्स बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप को भी जब्त कर लिया है। पुलिस चोरों से अन्य चोरी की वारदात और चोरी में शामिल अन्य साथियों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार तालों का पार निवासी स्वरूप सिंह ने रिपोर्ट देकर बताया कि एमपीन एनर्जी ग्रीन लेट सोलर प्रोजेक्ट पूषड़ प्लांट से चोर 590 वॉट के कुल 25 मॉडल प्लेट चुरा कर ले गए। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर शिव थाने में बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया।

चोरी स्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश शुरू की गई। शिव थाना इंचार्ज सत्यप्रकाश ने बताया- नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध पिकअप को रुकवाया गया। वहीं गाड़ी में भरे सोलर प्लेट्स के बारे में पूछे जाने पर सवार 2 युवकों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर गहनता से पूछताछ करने पर सोलर प्लेट्स चोरी की होना बताया। इस पर पुलिस टीम ने मुलजिम भोमसिंह पुत्र तनसिंह जाति राजपूत निवासी निम्बा पुलिस थाना सांगड़ व देवीसिंह पुत्र लीलसिंह जाति राजपूत निवासी उण्डखा पुलिस थाना सदर बाड़मेर को डिटेन किया। इनके कब्जे से पिकअप सहित चोरी की 23 सोलर प्लेट्स जब्त किया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल नाथूराम, दुर्गाराम, कॉन्स्टेबल डालूराम, राजेश कुमार, गुमानसिंह, उम्मेदसिंह शामिल रहे।

## बाइक सवार का सीट बेल्ट का चालान काटा

जालोर, 12 अगस्त। जालोर में पुलिस ने बाइक सवार का सीट बेल्ट का चालान काट दिया। जबकि सीट बेल्ट कार में होता है। युवक का हेलमेट का चालान काटना था, लेकिन पुलिस ने सीट बेल्ट की रसीद दे दी। मामला करड़ा थाना इलाके में शनिवार का है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को करड़ा कस्बा निवासी खेताराम पुत्र जबराराम बाइक पर करड़ा थाने के सामने से गुजर रहा था। वहां चेकिंग के दौरान करड़ा थानाधिकारी कमलेश ने खेताराम को बिना हेलमेट देख उसकी बाइक का चालान काट दिया। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 194 के तहत 1000 रुपए का जुर्माना लगा दिया। चालान काटने के बाद खेताराम को सीट बेल्ट की रसीद दी गई। इसमें लिखा कि वाहन चालक ने सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। यह रसीद सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही है। रसीद में युवक की बाइक का नंबर लिखा है। नियम उल्लंघन की जगह लिखा है कि चेकिंग के दौरान सीट बेल्ट लगाए हुए नहीं मिला। करड़ा थानाधिकारी कमलेश का कहना है- यह चालान मैंने ही काटा था। बाइक सवार बिना हेलमेट पाया गया था। चालान में हेलमेट की बात स्पष्ट रूप से लिखी है। सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही पोस्ट चालान की नहीं है। वह ट्रैफिक नियम उल्लंघन की जुर्माना रसीद है। रसीद में चालान के एसआर नंबर 0191731 लिखे हुए हैं। थाना इंचार्ज ने चालान दिखाया। कहा- चालान तो हेलमेट का ही काटा था। रसीद गलत दे दी गई। बाइक सवार खेताराम ने बताया- मेरा बिना हेलमेट का चालान कटा था। मैंने जुर्माना भर दिया। पुलिस ने हेलमेट का ही चालान काटा था, सीट बेल्ट का नहीं। सीट बेल्ट की बात गलती से जुर्माना रसीद में लिखी गई। एक और वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें 1200 रुपए लेने की बात कही जा रही है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मैंने 1000 रुपए ही दिए थे।

## सांड ने मारी बाइक को टक्कर

खेतड़ी, 12 अगस्त। खेतड़ी थाना क्षेत्र के निजामपुर मोड़ पर सोमवार सुबह 8 बजे एक सांड ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार संजयनगर निवासी रामस्वरूप अपनी पत्नी सुनीता (35) और बेटे देवराज (10) के साथ कापर से अपने गांव जा रहा था। जब वह निजामपुर मोड़ पर पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ा सांड अचानक सड़क पर आ गया। वह बाइक से टकरा गया। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया। डॉक्टरों ने रामस्वरूप, सुनीता और देवराज का उपचार किया। घायल रामस्वरूप ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन पर ससुराल गया था। वापस घर लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर पहले भी बेसहारा पशुओं से कई हादसे हो चुके हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को आवारा पशुओं को गौशाला में भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## उदयपुर में बेटे ने पिता को मार डाला

उदयपुर, 12 अगस्त। उदयपुर में बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। हाल ही में पिता ने जमीन बेची थी। उससे मिले पैसे को बेटा मांग रहा था। आरोप है कि इस बीच विवाद हो गया और बेटे ने डंडे से पिता के सिर पर वार कर दिया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोप फरार है। उदयपुर के घासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजनवास में यह वारदात 10 अगस्त की रात को हुई थी। उदयपुर के घासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजनवास में बेटे ने किसान पिता की जान ले ली। मृतक बाबूलाल (58) के भाई हीरालाल ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया- मेरे मकान के पास ही बड़े भाई बाबूलाल भील का मकान है। रविवार रात करीब 10 बजे बाबूलाल का बेटा किशनलाल (35) अपने पिता से बेची गई जमीन के पैसे खाते से निकलवाकर देने को कह रहा था। इस पर भाई बाबूलाल ने उससे कहा- वह सुबह बैंक से रुपए निकालकर दे देगा। किसान की हत्या की खबर मिलते ही पुलिस उदयपुर के घासा स्थित ग्राम पंचायत विजनवास पहुंची। किशनलाल नहीं माना, वह रात को ही रुपए लेने के लिए अड़ा रहा। इसी बात से नाराज होकर किशनलाल ने अपने पिता पर डंडे से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से बाबूलाल आंगन में गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत घासा के सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बाबूलाल के छोटे भाई हीरालाल ने घासा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घासा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया- बेची गई जमीन का कुल कितना अमाउंट है, ये आरोपी को पकड़े जाने के बाद पता लगेगा। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी बेटा कुल अमाउंट में से कुछ रुपए अपने पिता से मांग रहा था। नहीं देने पर उसने पिता की हत्या कर दी।

## पाली में जमीन विवाद में भतीजे को कुल्हाड़ी मारी

पाली, 12 अगस्त। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती हमले में घायल हुआ युवक। पाली में एक काका ने अपने ही भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। इस हमले में युवक के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती किया गया है।

जहां उसका उपचार जारी है। मामला पाली जिले के सिरियारी थाना क्षेत्र के जोजावर बासनी गांव का है। जानकारी के अनुसार, रविवार को राजेंद्र तिवारी (29) पुत्र प्यारेलाल खेत से आ रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके काका ने अचानक उस पर कुल्हाड़ी से पीछे से हमला कर दिया। इस हमले में उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई। बड़ी मुश्किल से खुद को बचाकर भागा। घटना को लेकर पीड़ित ने आरोपी काका के खिलाफ सिरियारी थाने में रिपोर्ट भी दी। घायल का पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। घटना को लेकर उसने बताया कि काका और उसके परिवार में जमीन विवाद को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। इसी विवाद को लेकर उसके काका ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके पिता प्यारेलाल की सितम्बर 2020 में हत्या कर दी थी। इस पर चार जनों को जेल हुई थी। करीब दो साल जेल में बिताने के बाद उसका काका जेल से जमानत पर आया और अब उसकी जान लेना चाहता है। जबकि जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है।

## जैसलमेर में नाग-नागिन के जोड़े ने फैलाई दहशत

जैसलमेर, 12 अगस्त। जैसलमेर से 18 किमी दूर आकल गांव में एक नाग-नागिन के जोड़े ने दहशत फैला दी। डरे हुए ग्रामीणों ने स्नैक कैचर साहिल खान को जैसलमेर से गांव बुलाया। स्नैक कैचर ने करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों कोबरा प्रजाति के जहरीले सांपों का रेस्क्यू किया। नाग-नागिन के जोड़े को काबू में करने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। साहिल ने जहरीले कोबरा प्रजाति के नाग-नागिन के जोड़े को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। साहिल ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि- सांप हमारे पर्यावरण के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए उसे मारना नहीं चाहिए। कोबरा प्रजाति के सांप को रेस्क्यू करते स्नेक कैचर साहिल खान। साहिल ने बताया- आकल गांव में सोमवार को एक साथ 2 जहरीले काले नाग को देखकर ग्रामीण काफी घबराए। लोगों ने स्नैक कैचर को सांपों को पकड़ने के लिए जैसलमेर से बुलाया। 18 किलोमीटर का सफर कर स्नैक कैचर साहिल खान मौके पर गए। तब तक घबरा कर एक सांप पत्थरों में छिप गया और दूसरा गायों के बाड़े में छिप गया।

## फसलों में अधिक वेजिटेटिव ग्रोथ से फ्लोरिंग कम

चिड़ावा, 12 अगस्त। फसलों की बेहतर ग्रोथ के लिए कृषि विशेषज्ञों ने उचित समय पर सही दवा के छिड़काव की सलाह दी है। इससे फसलों का विकास अच्छा होगा और किसानों को अधिक मुनाफा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञ कृष्ण कुमार शर्मा रतेरवाल के अनुसार, अनुकूल वातावरण मिलने से फसलों में अच्छी वेजिटेटिव ग्रोथ होती है। लेकिन अत्यधिक वेजिटेटिव ग्रोथ से फसल की फर्टिलिटी में रुकावट आती है। इससे फ्लोरिंग कम होती है और उत्पादन घट जाता है। वेजिटेटिव ग्रोथ के दौरान पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया से ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। यह प्रक्रिया पौधों को बढ़ने के लिए आवश्यक ऊर्जा देती है। इससे मजबूत जड़ें और स्वस्थ पत्तियां विकसित होती हैं। प्रकाश संश्लेषण में पौधे प्रकाश ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में बदलते हैं। यह ऊर्जा पत्तियों में जमा होती है और अन्य प्रक्रियाओं को संचालित करती है। अत्यधिक वेजिटेटिव ग्रोथ को रोकने और फ्लोरिंग बढ़ाने के लिए किसान जी.बी एग्रो के उत्पादित आल इन वन इमल्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यह दवा फसल में होने वाली अत्यधिक वेजिटेटिव ग्रोथ को नियंत्रित करती है। साथ ही यह प्रजनन वृद्धि को बढ़ावा देकर फ्लोरिंग को बढ़ाती है। इससे पैदावार में वृद्धि होती है। विशेषज्ञों ने किसानों को यह भी सलाह दी है कि खेत में किसी भी रसायन का छिड़काव करने से पहले स्प्रे टंकी को अच्छी तरह साफ करें। टंकी को 3-4 बार धोना चाहिए। इससे पहले इस्तेमाल किए गए रसायनों का दुष्प्रभाव फसल पर नहीं पड़ेगा।

## बॉलीवुड एक्टर के भाई के ठिकानों पर ईडी का छापा

श्रीगंगानगर, 12 अगस्त। श्रीगंगानगर में कॉलोनाइजर मुकेश शाह के घर ईडी की टीम कार्रवाई कर रही है। श्रीगंगानगर में फिल्म निर्माता और एक्टर सोहम शाह के भाई कॉलोनाइजर मुकेश शाह के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। श्वष्ठ की टीम सोमवार सुबह मुकेश शाह के रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में स्थित घर और ऑफिस में रेड करने पहुंची। कोलकाता से आई श्वष्ठ की टीम वहां दस्तावेज खंगाल रही है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और अन्य आर्थिक अनियमितताओं को लेकर की जा रही है। इस दौरान सुरक्षा को लेकर सदर थाने की टीम गेट के बाहर तैनात है। ईडी टीम सोमवार सुबह रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में कॉलोनाइजर मुकेश शाह के घर पहुंची। टीम डॉक्यूमेंट की तलाश कर रही है। सूत्रों के अनुसार, उनकी कुछ कॉलोनियों की वैधता पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। माना जा रहा है कि टीम को संदिग्ध लेनदेन और संपत्तियों से जुड़े रिकॉड्?र्स की तलाश है। मुकेश के भाई सोहम शाह ने %शिप ऑफ थीसियस%, तुम्बाड जैसी फिल्में प्रोड्यूस की हैं। फिल्म %शिप ऑफ थीसियस% को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। आयकर विभाग ने 28 अक्टूबर 2021 को श्रीगंगानगर में कांग्रेस नेता अशोक चांडक और कॉलोनाइजर मुकेश शाह के 33 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। मुकेश शाह के रिद्धि-सिद्धि एनक्लेव स्थित ऑफिस और मॉल सहित कई ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान 50 करोड़ की आय मिली थी। जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं था। रेड के बाद दोनों ने 35 करोड़ की अघोषित आय होना स्वीकार किया था और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को इस पर टैक्स चुकाने की पेशकश की थी। पूरी कार्रवाई के दौरान 2.31 करोड़ की नकदी और 2.48 करोड़ की अघोषित ज्वेलरी भी बरामद हुई थी।

# पावरग्रिड विद्युत लाइन के टावरों से केबल और एंगल चोरी

## दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त और चोरी का माल बरामद

फलोदी, 12 अगस्त। फलोदी जिले की नोख पुलिस ने बोडाना गांव में निर्माणाधीन पावर ग्रिड बिजली लाइनों के टावरों से हुई केबल और एंगल चोरी की वारदातों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक शातिर चोर और चोरी का सामान खरीदने वाले को गिरफ्तार किया है। मेक पावर लिमिटेड के सुपरवाइजर सुरेश विश्नोई ने 6 अगस्त 2025 को नोख थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि पीएसएस से 765 केवी सब स्टेशन बीकमपुर तक सोलर प्लांट की बिजली लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। 4 जून को बोडाना गांव में तार खींचने का काम हुआ था। अज्ञात चोरों ने 4 अगस्त को तार काटकर करीब 2 किमी तार चुरा लिया। इसी तरह 8 अगस्त को कासम अली, इंजीनियर सुपरवाइजर विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड बीकानेर ने रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने 220 केवी डीसी बीकमपुर भडला लाइन के कई टावरों का मेटेरियल और स्टब सैटिंग को नुकसान पहुंचाकर चोरी की है। एसपी कुंदन कंवरिया के अनुसार, संदिग्धों से पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। खुफिया सूचनाओं के आधार पर 8 अगस्त को दो संदिग्धों को पकड़ा गया। विनोद कुमार (40) निवासी रावला मंडी, श्रीगंगानगर और सुखदेव (32) निवासी जैतड़ासर, बाप से पूछताछ की गई। विनोद कुमार ने चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया जबकि सुखदेव ने पावरग्रिड विद्युत लाइन से केबल चोरी करने की बात मानी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए गए दो वाहन - बोलेरो कैम्पर और पिकअप गाड़ी को जब्त कर लिया है। साथ ही चोरी की केबल और एंगल भी बरामद कर लिए गए हैं। इन वारदातों के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में कांस्टेबल चंद्रभान, पुलिस थाना नोख की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस ने बताया- आरोपी चोर शातिर हैं। वे दिन में रैकी करते हैं और रात में निर्माणाधीन पॉवर ग्रिड के सूने पड़े सामान को गाड़ी में डालकर चोरी करते हैं।

## उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप

उदयपुर, 12 अगस्त। आक्रोशित लोगों ने बसों के कांच फोड़ दिए और उदयपुर-डबोक सर्विस रोड को जाम कर दिया। उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए। डबोक थाने के सामने बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं। एसडीएम पुलिस और अन्य प्राइवेट गाड़ियों में तोड़फोड़ की। उदयपुर-डबोक सर्विस रोड जाम कर दिया। बिगड़ते हालात को देखते हुए अफसरों के साथ ही तीन थानों की पुलिस मौके पर है। पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। फिलहाल हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। दोपहर में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने की। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया- बच्ची रविवार की शाम करीब 7:30 बजे खेत पर गई थी। तभी एक व्यक्ति वहां आया और मुंह दबाकर बच्ची को पास की झाड़ियों की तरफ ले गया। फिर डरा-धमकाकर उसके साथ रेप किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। बदहवास बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची।

## रेत के धोरों में बन रहा गोवा सा नजारा

बीकानेर, 12 अगस्त। बीकानेर के धोरों पर अगर आपको गोवा जैसा नजारा देखने को मिले तो आप चौंक जाएंगे पर ये सच है। बीकानेर से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ रुपए से ऐसा जलाशय तैयार किया गया है जिसमें कई झीलें समाहित हो जाएं। रेत के टीलों के बीच बनी झील से गोवा के किसी बीच जैसा नजारा बन रहा है। जो जाता है वो वहां से वीडियो बनाकर लाता है और वो वायरल हो रहे हैं। ये वही झील है जिससे हर घर नल कनेक्शन योजना के लिए पानी दिया जाएगा। झील अब इसलिए चर्चे में आई क्योंकि इसे आधा भर दिया गया है। आरडी 507 और 750 हेड बीकानेर जिले में हैं। 507 हेड बनकर तैयार है। 2000 एमसीएफटी क्षमता वाला जलाशय आधा भर गया है। यानी करीब 1000 एमसीएफटी पानी एकत्र हो गया। आधा जलाशय भरते ही गोवा के बीच जैसा नजारा देखने को मिलने लगा है। अब लोग वहां दूर-दूर से जाने लगे हैं। इसी झील के पानी से हर घन नल कनेक्शन योजना को सालभर पानी दिया जाना है। संकट में बीकानेर शहर को भी पानी इस जलाशय से मिल सकेगा।

## उदयपुर में बेकाबू हुआ ट्रेलर, 10 फीट गहरी खाई में गिरा

उदयपुर, 12 अगस्त। उदयपुर-पिंडवाड़ा हाइवे पर बेकरिया के पास ट्रेलर खाई में गिरा उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर बेकाबू हुआ ट्रेलर खाई में गिर गया। हादसे में ड्राइवर और खलासी की मौत हो गई। हादसा हाईवे पर रात करीब 1 बजे खोखरिया नाल सुरंग की पास हुआ हुआ। ट्रेलर गोगुंदा की ओर से पिंडवाड़ा की तरफ जा रहा ट्रेलर खोखरिया नाल के पास डिवाइडर से टकराकर 10 फीट गहरी खाई में गिर गया। खाई में गिरने से ट्रोले का केबिन पूरी तरह तहस नहस हो गया। उसमें ड्राइवर और परिचालक दब गए। उनकी मौत हो गई। ट्रेलर के पीछे भरे आटे के कट्टे भी बिखर गए। चारों तरफ आटा बिखर गया। हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बेकरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवा कर बेकरिया अस्पताल में पहुंचवा कर मोर्चरी में रखवाया।

बाद में ट्रेलर पर लिखे नंबरों के आधार पर ट्रांसपोर्टर के जरिए संबंधित ट्रेलर मालिक तक सूचना कराई। बेकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि चालक-खलासी के परिवारजनों के आने के बाद ही मृतकों की शिनाख्त की जाएगी।

## चूनावढ़ कस्बे में टूटी पुलिया से राहगीरों को परेशानी

श्रीगंगानगर, 12 अगस्त। श्रीगंगानगर के चूनावढ़ कस्बे से गांव 20 जैड भारत माला हाईवे को जोड़ने वाली लिंक पर गड्ढा होने से परेशान ग्रामीण। श्रीगंगानगर के चूनावढ़ कस्बे से गांव 20 जैड भारत माला हाईवे को जोड़ने वाली लिंक सड़क पर बनी पुलिया टूट गई है। इससे रास्ते का हाल बेहाल हो गया है। पुलिया के टूटने से बने गड्ढे के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अमन सिंह ने बताया कि आए दिन कोई न कोई इस गड्ढे में गिर रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि इस गड्ढे से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कत हो रही है।

ग्रामीण काकू सिडाना के अनुसार लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरना पड़ता है। रोजाना सैकड़ों गाड़ियां वहां से गुजरती हैं। स्थानीय नेता और जनप्रतिनिधि इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। ग्रामवासी पुलिया के निर्माण की आस लगाए बैठे हैं। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को सूचना दी गई है। लेकिन अभी तक किसी का ध्यान इस टूटी पुलिया की ओर नहीं गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि चौपाल में भी पुलिया निर्माण की मांग उठाई गई थी। लेकिन अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस लिंक रोड पर गांव 2 एच, 3 एच, 4 एच और 20 जेड सहित अनेक गांव पड़ते हैं। इन गांवों के लोगों को इस पुलिया से जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है।

ज्ञान विहार कॉलोनी के लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे, कहा-समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

अजमेर, 12 अगस्त। अजमेर के ज्ञान विहार कॉलोनी की समस्याओं को लेकर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि प्रशासन से कई बार शिकायत की है कि क्षेत्र की समस्याओं में सुधार किया जाए। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही और न ही समस्या समाधान हो रहा। ऐसे में मजबूर होकर रविवार को क्षेत्रवासी हाथों में तख्तियां लेकर घरों से निकले और विरोध जताया।

अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आन्दोलन को मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञान विकास समिति के अध्यक्ष विभोर गर्ग, उपाध्यक्ष सतीश गोयल, राकेश बरमेचा, जय प्रकाश गौतम ने सभी विभागों से समस्या समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाड़ी नदी के नाले की दीवार व कॉलोनी से गुजरने वाला नाला, जो बाड़ी नदी में मिलता है, उसकी दीवारों व आस पास की जमीन धंस गई है। अमृत योजना 2.0 में ज्ञान विहार कॉलोनी के लिए नई लाइन डालने और टंकी बाबत भूमि आवंटन में अनावश्यक देरी की जा रही है। ज्ञान विहार में श्री कल्याण मंदिर के पीछे/पास ज्ञान विहार कॉलोनी के मकानों में आज तक पानी की लाइन नहीं डाली गई। नक्षत्र गार्डन के आस/पास की क्षतिग्रस्त रोड नहीं बनाई जा रही। ज्ञान विहार कॉलोनी के गेट के पास अस्थाई अतिक्रमण हटाएं जाए। नियमित सफाई हो, गार्डन के पास ट्रांसफर जमीन से सटा हुआ, उसे हटाया जाए। 48 घंटे के अंतराल पर नियमित पानी की सप्लाई हो और 60 फीट रोड पर लाइट की व्यवस्था की जाए। इस दौरान प्रेम नाथ,बाल किशन मित्तल,विमलेश छापरवाल, सुनील गोयल, के.के.अग्रवाल,पदम डाणी, आर.एस. नायक, लक्ष्मी चंद रंगनानी, राधे श्याम गर्ग, उमेश माथुर , सुषमा अग्रवाल, रंजना गोयल, विक्टोरिया डाणी, विनीता मित्तल, हंसा गर्ग, सुनीता पारिक आदि मौजूद रहे।

## ढाबे पर दिया ऑर्डर, चाय पीने से पहले आई मौत

पाली, 12 अगस्त। प्रारंभिक जांच में साइलेंस अटैक से कंटेनर ड्राइवर की मौत होना बताया गया है। पाली जिले में हाईवे पर जाडन के निकट एक कंटेनर के ड्राइवर ने ढाबे पर चाय का ऑर्डर दिया। कुछ ही मिनट में चाय लेकर ढाबे का कर्मचारी पहुंचा, लेकिन तब तक चाय मंगाने वाला युवक की मौत हो गई। तुरंत उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।

जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में साइलेंस हार्ट अटैक से मौत होना सामने आया है। पाली जिले के जाडन चौकी प्रभारी रामनिवास ने बताया कि हाईवे पर जाडन के पास देवनारायण होटल पर शनिवार रात को हरियाणा के नारनौल निवासी मनोज (40) पुत्र अमीलाल कंटेनर लेकर पहुंचा। शनिवार रात उसने ढाबे पर ही बताई। रविवार सुबह उसने ढाबे पर काम करने वाले युवक से चाय मांगी। कुछ मिनट बाद जब युवक चाय लेकर पहुंचा तो मनोज अपने कंटेनर में अचेत हालत में मिला। तुरंत पुलिस को सूचना दी और उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक की मौत साइलेंस हार्ट अटैक आने से हुई।

## अजमेर में स्कूटी सवार महिला से लूट

अजमेर, 12 अगस्त। अजमेर में महिला से लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार बदमाश महिला को धक्का देकर पर्स लूट कर फरार हो गया। पर्स में महिला की सोने की चेन, मोबाइल और नगदी थी। सूचना मिलने पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार एलआईसी कॉलोनी निवासी शिल्पी जैन की ओर से थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपने घर से वैशाली नगर अजमेर आ रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति उनका पीछा कर रहा था। पीड़ित ने बताया कि उसकी स्कूटी की टोकरी में आगे पर्स रखा हुआ था। बदमाश ने उन्हें धक्का दिया और वह असंतुलित हो गई। बाद में उनका पर्स लेकर भाग गया। उन्होंने बदमाश का पीछा किया लेकिन वह भाग निकला। उनके पास में 2 हजार रुपए नगदी, सोने की चेन और एक मोबाइल था। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई मंगाराम की ओर से की जा रही है।

## लॉजिस्टिक कंपनी में निवेश के नाम पर बनाया शिकार

जोधपुर, 12 अगस्त। थाने में कोर्ट के जरिए दर्ज हुए मामले न प्रेम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उसे सुमेर जे भट्ट निवासी जम्मू कश्मीर की ओर से संपर्क किया गया और उसे साउथ नॉर्थ लॉजिस्टिक इंडियन नाम की कंपनी में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। इस पर उसने अपने मुंबई निवासी पार्टनर जयंतीलाल चौधरी से बात की। इसके बाद सुमेर भट्ट और उसकी कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ओटी ने एक मीटिंग भी करवाई जिसमें दोगुना मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया। इसी प्रलोभन में आकर उन्होंने प्रथम भुगतान के तौर पर 15 लाख रुपए दे दिए। दूसरे भुगतान के तौर पर 27 लाख 80 हजार व तीसरे भुगतान के तौर पर 5 लाख रुपए दे दिए। यह सभी रुपए उनके पार्टनर जयंतीलाल की कंपनी जेबी डेवलपर्स के खाते से ऑनलाइन डाले गए। यहां पर कचहरी परिसर में परिवादी और उसके पार्टनर जयंतीलाल चौधरी के पक्ष में इकरारनामा भी करके दिया। जिसमें बताया कि यदि 15 दिन में पैसे नहीं लौटाए जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस दरमियान कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ने जेबी डेवलपर्स के खाते में 500000 की राशि अलग-अलग टुकड़ों में डाली और बकाया रुपए देने से इनकार कर दिया। इस पर परिवादी ने उदय मंदिर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो कोर्ट के जरिए अब मामला दर्ज करवाया।

## जयपुर में कुएं में गिरने से युवती की मौत

जयपुर, 12 अगस्त। जयपुर में कुएं में गिरने से युवती की मौत हो गई। सुबह करीब 9 बजे परिजनों को युवती के कुएं में गिरने की जानकारी मिली थी। 11 बजे सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। इसके 2 घंटे बाद शव को बाहर निकालकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना बगरू थाना इलाके में पीपलियावास की है। परिवार ने बताया- आज सुबह युवती पूजा चौधरी खेत की तरफ आई थी। इस के बाद उसे किसी ने नहीं देखा। इस पर लोगों ने सम्भावना जताई की पूजा कुएं में गिर गई होगी। कुएं में लाइट डाल कर देखा तो कुछ दिखाई दिया। इस के बाद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। आईसी थाना सुनील गोदारा ने बताया- पीपलियावास में आज सुबह गांव की एक लड़की पूजा चौधरी (23) के कुएं में गिरने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। साथ ही सिविल डिफेंस को भी मौके पर बुलाया गया। खेत में बने हुए कुएं की गहराई करीब 150 फीट से अधिक है। कुएं में करीब 40 फीट से अधिक पानी भरा हुआ है। सिविल डिफेंस के युवकों ने सूझबूझ से दिखाकर रेस्क्यू शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद लड़की रिकवर हुई। इसके बाद उसे बाहर निकाला गया।

# गलती से भी न छुएं इन लोगों के पैर, बन सकते हैं पाप के भागी ...



**हिंदू** धर्म में पैर छूने की परंपरा सदियों पुरानी है। यह बड़ों के प्रति प्रेम, सम्मान और आदर व्यक्त करने का एक पारंपरिक तरीका है। मान्यता है कि पैर छूने से व्यक्ति का भाग्योदय होता है और उसके अच्छे कर्मों में भी वृद्धि होती हैं। इसके अलावा पैर छूने से सकारात्मक ऊर्जा का आदान-प्रदान होता है, जिसका सीधा प्रभाव रिश्तों पर दिखाई देता है। यही नहीं जब भी कोई व्यक्ति अपने गुरुजनों के चरणों का स्पर्श करता है, तो बदले में उसे आशीर्वाद मिलता है, जो सफलता के और निकट पहुंचता है। परंतु सभी के पैर छुने से आपको मनचाहा आशीर्वाद मिले, यह जरूरी तो नहीं। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक पैर छूने का अपना महत्व और नियम है। आप सभी के चरणों का स्पर्श नहीं कर सकते हैं, यह अशुभ है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इंसान को किन लोगों के पैर नहीं छूने चाहिए।

## भूलकर भी नहीं छूने चाहिए इनके पैर

आमतौर पर घरों में सोए या विश्राम की मुद्रा में लेटे हुए लोगों के चरण स्पर्श कर लिए जाते हैं। लेकिन आपको बता दें यह अशुभ होता है। दरअसल, कभी भी किसी लेटे या सोए हुए व्यक्ति के पैर नहीं छूने चाहिए। पौराणिक कथा के मुताबिक भांजे को कभी भी मामा के पैरों का स्पर्श नहीं करना चाहिए। यह अशुभ होता है। कहते हैं कि जब श्रीकृष्ण जी ने कंस का उद्धार किया है, पैर छूने की यह परंपरा तभी से चली आ रही है, जिसे उचित नहीं माना गया है। कहा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति अशुद्ध स्थिति या अशौच है, तो भूलकर भी उसके पैरों को नहीं छूना चाहिए। यदि कोई इंसान पूजा-पाठ या माला जाप कर रहा है, तो उसके चरणों का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं को साक्षात् देवी का स्वरूप माना जाता है। अक्सर तीज-त्योहारों पर जहां देवी-देवताओं की पूजा की जाती हैं, वहीं घर की कन्याओं को भोजन कराकर उनके पैर छुए जाते हैं।

परंतु कभी भी कन्याओं से किसी को पैर नहीं छुवाने चाहिए। ऐसा करना आपको पाप का भागी बना सकता है। माना जाता है कि जब से भगवान शिव ने राजा दक्ष का शीश काटा था, तब से दामाद के ससुर के पैर छूने की परंपरा चली आ रही है। हालांकि यह उचित नहीं है। इसलिए दामाद को ससुर के पैर नहीं छूने चाहिए।

# रक्षाबंधन के कितने दिनों बाद उतार सकते हैं राखी ?



**रक्षाबंधन** का पावन पर्व देशभर में मनाया जा रहा है। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। हिंदू धर्म में इस त्योहार का विशेष महत्व होता है और यह हर वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है।

## रक्षाबंधन के बाद कब और कैसे उतारनी चाहिए राखी ?

राखी को कितने समय तक कलाई पर रखना उचित है। क्या इसे तुरंत उतार देना चाहिए या इसके लिए कोई विशेष धार्मिक परंपरा है?

## जन्माष्टमी तक बांधने की प्रथा

कुछ मान्यताओं के अनुसार राखी को जन्माष्टमी तक कलाई पर बांधे रखना चाहिए।

## 16 दिनों का नियम

ज्योतिष के अनुसार राखी को 16 दिनों तक बांधे रखना अत्यंत फलदायी होता है। पूर्णिमा से अगले 15 दिन और 16वें दिन राखी को बहते जल में विसर्जित करने से भाई की आयु, सफलता और समृद्धि में वृद्धि होती है।

## दशहरे तक पहनने की परंपरा

कुछ परंपरा यह भी है कि राखी को दशहरे तक बांधे रखा जाता है। दशहरा अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। माना जाता है कि इस दिन तक कलाई पर बंधी राखी भाई के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है और उसे हर प्रकार के संकट से बचाती है।

# पति की लंबी आयु के लिए कजरी तीज करें ये सरल उपाय, पूरी होगी हर इच्छा

**पंचांग** के मुताबिक हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को कजरी तीज का पर्व मनाया जाता है। इस साल 12 अगस्त 2025 को कजरी तीज है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और सुखी प्रेम जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। मान्यता है कि कजरी तीज पर भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने से मनचाहा जीवनसाथी और रिश्तों में मिठास आती है। यही नहीं देवी पार्वती की कृपा भी सुहागिनों को प्राप्त होती हैं। यह पर्व मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में मनाया जाता है। यहां सभी महिलाएं एकजुट होकर झूले पर झूलती हैं और कजरी गीत गाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करती हैं। हिंदू धर्म में इसे प्रेम, विश्वास सांस्कृतिक परंपराओं और एकता का प्रतीक माना गया है। इस दिन पार्वती चालीसा का पाठ करने पर वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर और आपसी समझ बढ़ती हैं। ऐसे में आइए इस शक्तिशाली चालीसा के बारे में जानते हैं।

इस साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि 11 अगस्त को सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन अगले दिन यानी 12 अगस्त को सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर है। ऐसे में 12 अगस्त 2025 को कजरी तीज का पर्व मनाया जाएगा।





## कजरी तीज पूजा मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:23 बजे से 5:06 बजे तक रहेगा।

विजय मुहूर्त दोपहर 2:38 बजे से 3:31 बजे तक है।

गोधूलि मुहूर्त शाम 7:03 बजे से 7:25 बजे तक होता है।

निशिता काल मुहूर्त रात 12:05 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा।

## पार्वती चालीसा

### दोहा

जय गिरी तनये दक्षजे शम्भू प्रिये गुणखानि।

गणपति जननी पार्वती अम्बे! शक्ति! भवानि।

### चौपाई

ब्रह्मा भेद न तुम्हरो पावे, पंच बदन नित तुमको ध्यावे।

षड्मुख कहि न सकत यश तेरो, सहसबदन श्रम करत घनेरो।।

तेऊ पार न पावत माता, स्थित रक्षा लय हिय सजाता।

अधर प्रवाल सदृश अरुणारे, अति कमनीय नयन कजरारे।।

ललित ललाट विलेपित केशर, कुंकुंम अक्षत् शोभा मनहर।

कनक बसन कंचुकि सजाए, कटी मेखला दिव्य लहराए।।

कंठ मंदार हार की शोभा, जाहि देखि सहजहि मन लोभा।

बालारुण अनंत छबि धारी, आभूषण की शोभा प्यारी।।

नाना रत्न जड़ित सिंहासन, तापर राजति हरि चतुरानन।

इन्द्रादिक परिवार पूजित, जग मृग नाग यक्ष रव कूजित।।

गिर कैलास निवासिनी जय जय, कोटिक प्रभा विकासिनी जय जय।

त्रिभुवन सकल कुटुंब तिहारी, अणु अणु महं तुम्हारी उजियारी।।

हैं महेश प्राणेश तुम्हारे, त्रिभुवन के जो नित रखवारे।

उनसो पति तुम प्राप्त कीन्ह जब, सुकृत पुरातन उदित भए तब।।

बूढ़ा बैल सवारी जिनकी, महिमा का गावे कोउ तिनकी।

सदा श्मशान बिहारी शंकर, आभूषण हैं भुजंग भयंकर।।

कण्ठ हलाहल को छबि छायी, नीलकण्ठ की पदवी पायी।

देव मगन के हित अस किन्हो, विष लै आपु तिनहि अमि दिन्हो।।

ताकी, तुम पत्नी छवि धारिणी, दुरित विदारिणी मंगल कारिणी।

देखि परम सौंदर्य तिहारो, त्रिभुवन चकित बनावन हारो।।

भय भीता सो माता गंगा, लज्जा मय है सलिल तरंगा।

सौत समान शम्भू पहआयी, विष्णु पदाब्ज छोड़ि सो धायी।।

तेहि कों कमल बदन मुरझायो, लखी सत्वर शिव शीश चढ़ायो।

नित्यानंद करी बरदायिनी, अभय भक्त कर नित अनपायिनी।।

अखिल पाप त्रयताप निकन्दिनी, माहेश्वरी, हिमालय नन्दिनी।

काशी पुरी सदा मन भायी, सिद्ध पीठ तेहि आपु बनायी।।

भगवती प्रतिदिन भिक्षा दात्री, कृपा प्रमोद सनेह विधात्री।

रिपुक्षय कारिणी जय जय अम्बे, वाचा सिद्ध करि अवलम्बे।।

गौरी उमा शंकरी काली, अन्नपूर्णा जग प्रतिपाली।

सब जन की ईश्वरी भगवती, पतिप्राणा परमेश्वरी सती।। तुमने कठिन तपस्या कीनी, नारद सों जब शिक्षा लीनी। अन्न न नीर न वायु अहारा, अस्थि मात्रतन भयउ तुम्हारा।।

पत्र घास को खाद्य न भायउ, उमा नाम तब तुमने पायउ।

तप बिलोकी ऋषि सात पधारे, लगे डिगावन डिगी न हारे।।

तब तव जय जय जय उच्चारेउ, सप्तऋषि, निज गेह सिद्धारेउ। सुर विधि विष्णु पास तब आए, वर देने के वचन सुनाए।। मांगे उमा वर पति तुम तिनसों, चाहत जग त्रिभुवन निधि जिनसों। एवमस्तु कही ते दोऊ गए, सुफल मनोरथ तुमने लए।। करि विवाह शिव सों भामा, पुनः कहाई हर की बामा। जो पढ़िहै जन यह चालीसा, धन जन सुख देइहै तेहि ईसा।।

# कृष्ण जन्माष्टमी से पहले जरूर लाएं ये चीजें

## जीवन में आएगी सुख-संपन्नता ...



**जन्माष्टमी** से पहले कुछ खास और पवित्र चीजों को घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से न केवल भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास भी होता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष देशभर में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की स्मृति में विशेष रूप से मनाया जाता है, जब भक्तगण व्रत रखते हैं, झांकियां सजाते हैं, मंदिरों में भजन-कीर्तन होते हैं और रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म की पूजा कर उनका स्वागत किया जाता है। हर कोना भक्ति और प्रेम के रंग में रंग जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जन्माष्टमी से पहले कुछ खास और पवित्र चीजों को घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से न केवल भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास भी होता है। यदि आप भी इस बार जन्माष्टमी को खास और शुभ बनाना चाहते हैं, तो इन वस्तुओं को पहले से घर लाकर तैयारियां शुरू कर सकते हैं। आइए जानते हैं वे कौन-कौन सी चीजें हैं।

### लड्डू गोपाल की बाल स्वरूप मूर्ति



भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की एक सुंदर मूर्ति को जन्माष्टमी से पहले घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। इसे घर के मंदिर में स्थापित कर अगर विधि-विधान से पूजा की जाए, तो घर में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

### बांसुरी

कृष्ण भगवान की पहचान उनकी प्रिय बांसुरी से भी होती है। जन्माष्टमी से पहले एक सुंदर बांसुरी घर लाकर पूजा स्थान पर रखना अत्यंत शुभ माना गया है। इससे न केवल मन को शांति मिलती है बल्कि घर में भी सकारात्मकता और मधुरता बनी रहती है। चांदी या पीतल की बांसुरी विशेष शुभ मानी जाती है।

### मोर पंख

मोर पंख श्रीकृष्ण के मुकुट का हिस्सा होता है और उन्हें अत्यंत प्रिय है। इसे घर में लाकर पूजा स्थल या मुख्य द्वार पर लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर का वास्तु दोष भी समाप्त होता है।

### गाय और बछड़े की मूर्ति



कृष्ण जी का गहरा संबंध गायों से रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर गाय और बछड़े की मूर्ति लाना शुभ संकेत माना जाता है। इसे घर में रखने से समृद्धि आती है और संतान सुख की प्राप्ति का मार्ग खुलता है। धातु की मूर्ति को पूजा स्थान पर रखना श्रेष्ठ होता है।

### माखन-मिश्री

माखन और मिश्री श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय हैं। जन्माष्टमी से पहले इन्हें घर में लाकर भोग की तैयारी करनी चाहिए। यह प्रेम, मिठास और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। पूजा में इसका उपयोग करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### वैजयंती माला

वैजयंती माला भगवान कृष्ण के गले का एक अहम आभूषण मानी जाती है। इसे घर लाकर कान्हा जी को पहनाने से धन और समृद्धि की वृद्धि होती है। ऐसी मान्यता है कि इसे धारण करने या पूजा में उपयोग करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

### पीले वस्त्र

भगवान श्रीकृष्ण को पीला रंग अत्यंत प्रिय है। जन्माष्टमी से पहले घर में पीले वस्त्र जैसे कि पर्दे, चादरें या पूजा की पोशाक लाना शुभ माना जाता है। इससे मां लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है और घर में आर्थिक समृद्धि आती है।

### तुलसी का पौधा

तुलसी बिना श्रीकृष्ण की पूजा अधूरी मानी जाती है। इस पर्व से पहले तुलसी का नया पौधा लगाना या पुराने पौधे की सेवा करना पुण्यदायी होता है। तुलसी की पत्तियों के बिना श्रीकृष्ण को भोग भी नहीं लगाया जाता।

### शंख

शंख की ध्वनि नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने वाली मानी जाती है। जन्माष्टमी से पहले घर में शंख लाकर पूजा स्थल पर स्थापित करें और नियमित रूप से उसका उपयोग करें। इससे घर का वातावरण पवित्र और ऊर्जावान बना रहता है।



## सार समाचार

### मत्स्य वैवाहिक हलवाई समिति की बैठक कल

**अलवर, 12 अगस्त (निसं)।** मत्स्य वैवाहिक हलवाई समिति, अलवर की आवश्यक बैठक 13 अगस्त बुधवार को प्रातः 11 बजे हलवाई विकास समिति भवन, सब्जी मंडी के पीछे, अलवर में आयोजित की जाएगी।

समिति अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने बताया कि बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही समिति के सदस्यों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और नए सदस्यों को जोड़ने पर भी विचार किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक के बाद समिति की ओर से भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

### हर घर तिरंगा के लिए रैली से किया प्रेरित



**मुंडावर, 12 अगस्त (निसं)।** आजादी की 78 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' की थीम पर सोमवार को स्थानीय नगर पालिका प्रशासन की ओर से तिरंगा रैली निकालीं गई।

कस्बे की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय से प्रारंभ तिरंगा रैली को नगर पालिका ईओ योगेश गुर्जर एवं चैयरमैन गरिमा सोनू भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो आजादी एवं देशभक्ति से ओत- प्रोत स्वर लहरियों की धुन पर मुख्य बाजार से होती हुई पंचायत समिति प्रांगण स्थित शहीद स्मारक पर विसर्जित हुई।

शुभारंभ से पहले राज महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में रंगोली बनाकर स्वतंत्रता का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी तरुण चौधरी, पार्षद मोनू सोनू गुप्ता, सहायक कर्मचारी करण सिंह मीणा सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### जोनवाल भीम आर्मी आईटी सेल में प्रदेश सह संयोजक

**हरसौली, 12 अगस्त (निसं)।** भीम आर्मी आईटी सेल प्रदेश



कार्यकारणी का विस्तार में केरवावाल निवासी अनिल जोनवाल को प्रदेश सह संयोजक आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है।

भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व अनिल ढेनवाल राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य आजाद समाज पार्टी के निर्देश पर भीम आर्मी प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सोनू बामनिया के द्वारा केरवावाल निवासी अनिल जोनवाल को भीम आर्मी प्रदेश सहसंयोजक आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले जोनवाल पार्टी व संगठन में अनेक पदों पर काम कर चुके हैं। जोनवाल को सहसंयोजक बनाए जाने पर जिला के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया हैं।

### बाबा मोहन राम मेले में खाद्य विभाग टीम की कार्रवाई

**भिवाड़ी, 12 अगस्त (निसं)।** बाबा मोहन राम के तीन दिवसीय मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई। मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट के दिशा निर्देश में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मेले के आसपास की दुकानों से करीब 45 किलो मिलावटी घी जप्त करनष्टीकरण की कार्रवाई की गई।



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मेले परिसर में लगी स्थाई और अस्थाई दुकानों पर जाकर मिलावटी मिठाई एवं घी न बेचने की अपील और नमूनीकरण की कार्रवाई लगातार कर रही है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, महिपाल सिंह सुभाष यादव और रमेश मौजूद रहे।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**कोटपूतली-बहरोड़, 12 अगस्त (निसं)।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज विभाग की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों और पहलों की प्रगति, उपलब्धियों और प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की लक्ष्यानुरूप प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सफाई व्यवस्था मजबूत करने, समय पर टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और एजेंसियों को नियमित सफाई के लिए पाबंद करने को कहा। आंगनबाड़ी व विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति सुधारने के निर्देश भी दिए गए।

स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने डेटा अपडेट करने और लक्ष्य के अनुरूप पट्टा वितरण कर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना की सर्वे प्रगति की समीक्षा करते हुए, हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महा अभियान और हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरण में गति लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0, अन्नपूर्णा रसोई, जल जीवन मिशन में नल-जल मित्र चयन और हर घर जल प्रमाण पत्र की स्थिति पर चर्चा की गई। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवेदनाओं का ब्लॉकवार निस्तारण करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पालनहार योजनाओं के सत्यापन कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश मिले।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**बहरोड़, 12 अगस्त (निसं)।** 15 अगस्त के उपलक्ष्य पर बहरोड़ मंडल के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा जखराना गांव में शहीद सरदार सिंह, शहीद विजय कुमार, शहीद विजेन्द्र यादव, शहीद शेर सिंह, शहीद राकेश यादव, शहीद हरिपाल यादव, नवीन कुमार की प्रतिमा पर साफ-सफाई की दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदों को याद किया एवं उनकी वीरांगनाओं एवं परिवार जनों को शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता मोहित यादव, मण्डल अध्यक्ष प्रशान्त यादव, एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष शिवचरण यादव, पूर्व जिला महामंत्री देवेन्द्र यादव, ओम यादव पार्षद, सतेन्द्र यादव मण्डल, महामंत्री हवा सिंह यादव, मण्डल महामंत्री एव जखराना गांव के सवेत सिंह प्रिंसिपल, अशोक कुमार, राजू सिंह बूथ अध्यक्ष, राजबाला, सन्तोष देवी, सुमित्रा देवी, मनफूल देवी, सुमन देवी, सुशीला देवी, पूजा देवी, सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग एवं महिलाएं उपस्थित रही।

# जिले के 3 हजार से अधिक किसानों को डेढ़ करोड़ से अधिक राशि के क्लेम हस्तांतरित

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा क्लेम वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम

**अलवर, 12 अगस्त (नसं)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के 2746 कृषकों को खरीफ 2024 का 92.23 लाख रूपये का क्लेम वितरण तथा रबी 2024-25 में 305 कृषकों को प्रथम चरण में 66.36 लाख रूपये का क्लेम डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में झुंझुनूं में आयोजित कार्यक्रम का जिला स्तरीय समारोह में वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया।

उन्होंने राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया तथा रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंची।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# विजय झालानी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष

**मंडावर, 12 अगस्त (निसं)।** कस्बा निवासी पूर्व उपसरपंच, शिक्षाविद विजय झालानी को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है।



जानकारी के अनुसार अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र खंडेलवाल मंडावर की सहमति से अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष व दौसा जिला वैश्य महासम्मलेन अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने मंडावर तहसील के अध्यक्ष पद पर विजय झालानी, महामंत्री योगेश गर्ग, उपाध्यक्ष महेश डंगायच, उपाध्यक्ष महेश गर्ग, उपाध्यक्ष शशीकांत जैन को सभी घटकों की सर्व सम्मिति से नियुक्त किया गया है। वहीं दौसा जिला महिला वैश्य महासम्मेलन की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला द्वारा भी सभी घटकों की महिला की सहमति से मंडावर तहसील महिला अध्यक्ष पद पर अर्चना जैन को नियुक्त किया है। दौसा जिला युवा वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष नरेश बंसल ने सभी युवा घटकों की सहमति से मुरारी लाल बंसल को मंडावर तहसील युवा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति से सभी तहसील मंडावर के वैश्य समाज के घटकों ने खुशी जाहिर की है।

जिला अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्षों को अपनी नई कार्यकारिणी को जल्दी घोषित करने को अधिकृत किया है। वहीं तहसील अध्यक्ष बनने पर विजय झालानी ने वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों का आभार जताया।

### स्कूलों में प्रसाद वितरण की व्यवस्था के लिए लिखा पत्र

**बहरोड़, 12 अगस्त (निसं)।** पंचायत समिति बहरोड की ग्राम पंचायत कांकरदोपा, दहमी, रिवाली, माचल, नांगल खोडिया, रामसिंहपुरा, खोहरी, हमीदपुर, खरकड़ा, गूंती, शेरपुर, जागुवास इत्यादि बहरोड़ में सम्मिलित हो चुकी है। उपरोक्त ग्राम पंचायतों में गणतंत्र दिवस एवं स्वाधीनता दिवस के पर्व पर छात्र-छात्राओं के प्रसाद वितरण का खर्च ग्राम पंचायत वहन करती थी। परंतु अब उपरोक्त सभी ग्राम पंचायतें नगर परिषद बहरोड़ में शामिल होने के कारण भंग की जा चुकी है, अर्थात सभी ग्राम पंचायते एवं सरपंच के पद अब अस्तित्व में नहीं रहे हैं।

इस संबंध में पंचायत समिति प्रधान सरोज बस्तीराम यादव ने जिला कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया है कि स्वाधीनता दिवस के पावन पर्व पर उपरोक्त ग्राम पंचायतो के अधीन आने वाले सभी गांवो के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के प्रसाद वितरण की व्यवस्था हेतु नगर परिषद बहरोड़ के आयुक्त को निर्देशित किया जाये।

# क्षत्रिय जन संसद का पुलिस बर्बरता के खिलाफ रोष

**अलवर, 12 अगस्त (निसं)।** श्री क्षत्रिय जन संसद के अध्यक्ष उदय सिंह ने बताया कि संगठन से जुड़े समाज के प्रबुद्ध जनों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाल ही में हुई पुलिस बर्बरता की घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। आरोप है कि पुलिसकर्मी ने एक परिवार के घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की। संगठन ने निर्णय लिया कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मी को बर्खास्त करने की मांग जिला कलेक्टर से की जाएगी।



उदय सिंह ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि मंगलवार को सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर मिनी सचिवालय जाएंगे, जहां सबसे पहले अलवर जिला कलेक्टर से मिलकर मामले की पूरी जानकारी देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि समाज की अस्मिता और वर्चस्व से जुड़ा मुद्दा है।

आरोप है कि 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला और अन्य महिलाओं पर भी झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मिलकर इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का अनुरोध किया जाएगा।

बैठक में एनजीओ क्लब और मानव अधिकार संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने घटना की निंदा करते हुए इसे पूरी ताकत से उठाने का संकल्प लिया। वहीं, लवकुश सिंह के अस्पताल में भर्ती होने और उसकी चिंताजनक हालत को लेकर समाज में गहरा आक्रोश है।

अरावली विहार थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद थाना अधिकारी एएसआई हरीमन के खिलाफ गुस्सा चरम पर है। क्षत्रिय राजपूत समाज और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने हरीमन मीणा को बर्खास्त करने और थाना अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है।

### बाबा मोहनराम के मेले में 5 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**भिवाड़ी, 12 अगस्त (निसं)।** क्षेत्र के काली खोली धाम में बाबा मोहन राम के लक्खी मेले में तीन दिन के दौरान पांच लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। । इस बार दूज की तिथि दो दिन होने के कारण मेला तीन की बजाय चार दिन तक चलेगा।

सोमवार को मेले के तीसरे दिन सुबह से ही बाबा की अखंड ज्योत के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अमर भगत के अनुसार अब तक करीब 5 से 6 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। दोपहर 4 बजे के बाद भी भीड़ में थोड़ी कमी आई।

भिवाड़ी थाना अधिकारी देवेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि भीड़ नियंत्रण के लिए 3 से 4 बैरिकेड लगाए गए हैं और 900 से अधिक पुलिसकर्मी अलग-अलग पारियों में तैनात हैं। मेला परिसर में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी पुलिस कंट्रोल रूम से लाइव निगरानी की जा रही है।

# पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने की पहल

**किशनगढ़बास, 12 अगस्त (नसं)।** खैरथल-तिजारा में कृषि विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पारंपरिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्राचीन कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए और सीमित मात्रा में रसायनों का प्रयोग कर उत्पादन लागत को कम करना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसे किसानों को टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से पारंपरिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी जा रही है, जिसमें फसल चक्र, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण और जल-संरक्षण के उपाय शामिल हैं। खेती में केवल आवश्यकतानुसार ही रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग किया जाएगा, जबकि सरकार किसानों को जैविक खाद और जैविक कीटनाशक उपलब्ध कराएगी, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और लागत घटेगी।

इस योजना के अंतर्गत 30 कृषि क्लस्टर बनाए जा रहे हैं और 1500 हेक्टेयर भूमि पर पारंपरिक खेती लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक क्लस्टर में किसानों को सामूहिक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

योजना के प्रमुख उद्देश्यों में लागत में कमी, आय में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि मॉडल का विकास शामिल है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए कृषि योग्य भूमि संरक्षित रखी जा सके।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और मिट्टी की गिरती गुणवत्ता जैसी चुनौतियों से निपटने में भी सहायक होगी।

# स्वतंत्रता दिवस व हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां तेज

**कोटपूतली-बहरोड़, 12 अगस्त (निसं)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय गतिविधियों, विकास कार्यों, हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, कोटपूतली में आयोजित होगा, जिसमें उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि रहेंगी।

नगर परिषद को मानसून को देखते हुए वाटर प्रूफ टेंट, जलभराव निकासी, मिट्टी का भराव, स्टेज, बैठक, साउंड और अन्य व्यवस्थाएं अप टू डेट करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार कर परेड और मार्च पास्ट को सुनियोजित करने के निर्देश मिले।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग में विशेष कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा में मेरिट प्राप्त विद्यार्थी और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के आवेदन समय पर समिति को भेजें ताकि समारोह में सम्मानित किया जा सके।

स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयन समिति को निर्देश दिए गए कि सभी कार्यक्रम देशभक्ति और शिक्षाप्रद प्रवृत्ति से भरपूर हों।

अतिरिक्त कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि 14 और 15 अगस्त को प्रमुख चौराहों, ऐतिहासिक दरवाजों, राजकीय व मुख्य भवनों पर रंगीन रोशनी और विशेष सफाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एम्बुलेंस, चिकित्सा दल और जीवनरक्षक दवाओं की व्यवस्था स्थल पर रखने के निर्देश मिले। वीरांगनाओं के सम्मान व आवागमन और सुरक्षा के लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि 2 से 15 अगस्त तक संचालित हर घर तिरंगा अभियान में कार्यक्रमानुसार गतिविधियां आयोजित कर पोर्टल पर अपलोड करें।

उन्होंने संपर्क पोर्टल* पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन की आवश्यक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, एसीईओ महेंद्र सैनी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सार समाचार

### पति की लंबी उम्र के लिए सकट चौथ व्रत

**सकट, 12 अगस्त (निसं)।** भाद्र पद कृष्ण पक्ष की चतुर्थी 12 अगस्त मंगलवार को है। इसी दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उमर व परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना के लिए संकष्टी चतुर्थी व्रत रखेंगी और सकट कस्बे के प्राचीन चौथ माता मंदिर में पहुंच कर श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ विधिवत चौथ माता की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर माता की कहानी सुनकर चौथ माता मंदिर में मत्था टेक चौथ माता से पति की लम्बी उमर के साथ ही परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करेगी।



मंदिर के महंत मुकेश पाराशर ने बताया कि संकष्टी चतुर्थी व्रत को लेकर चौथ माता मंदिर में सोमवार को तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि सकट चौथ व्रत पर कस्बे व आस पास के गांवों के अलावा अलवर, दौसा, जयपुर, सीकर, हरियाणा, दिल्ली पंजाब सहित अन्य कई प्रांतों से काफी संख्या में श्रद्धालु चौथ माता के दर्शनों एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

### छात्रावास निर्माण के लिए भूमि पूजन



**बानसूर, 12 अगस्त (निसं)।** बानसूर में आदिवासी जनजाति शिक्षण एवं सामाजिक उत्थान समिति द्वारा मीणा समाज के छात्रावास निर्माण हेतु आवंटित भूमि पर भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मीणा समाज अध्यक्ष पूरण मल मीणा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जहां समाज के आगंतुकों का पारंपरिक माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

समिति के सचिव राजेन्द्र कुमार मीणा ने जानकारी दी कि इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों ने छात्रावास निर्माण में सहयोग हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। एम.डी. मीणा, सुधा देवी हंसराज मीणा हमीरपुर, (रिटायर्ड) सीएस डॉ. एन.एस. कांवत, इंजीनियर अमर सिंह मीणा एवं डॉ. ब्रज मोहन मीणा ने एक-एक कमरा निर्माण कराने की घोषणा की। महेंद्र सिंह मीणा (हमीरपुर) ने बोरिंग कराने की जिम्मेदारी ली।

पूर्व में अंजू जयसिंह मीणा द्वारा सभा हॉल निर्माण तथा पूर्ण मल मीणा, तारा चंद मीणा एवं बाबू लाल मीणा द्वारा एक-एक कमरे के निर्माण की घोषणा की जा चुकी है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में कोटपूतली मीणा समाज के अध्यक्ष इंजी. दिनेश मीणा समेत समाज के अनेक वरिष्ठ एवं सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रमुख अतिथियों में हरचंद मीणा, शिंभू मीणा, अडीसाल मीणा, अंजू जयसिंह मीणा, एडवोकेट सुरेश मीणा, खेमचंद मीणा, फाइनेंसर जयसिंह मीणा, सीताराम मीणा, धर्मवीर मीणा, गुरुदयाल मीणा, लालाराम मीणा, हनुमान प्रसाद मीणा, रामावतार मीणा एवं शेर सिंह मीणा का नाम प्रमुखता से शामिल रहा। इस कार्यक्रम ने समाज में शिक्षा और सामूहिक सहयोग की भावना को और अधिक प्रोत्साहित किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### कांग्रेस के मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न



**अलवर, 12 अगस्त (निसं)।** अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में मौजपुर हाउस पर आयोजित हुई।

कांग्रेस प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संगठन की मजबूती और बीएलए-2 की नियुक्ति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयदीप आर्यन और सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में जाकर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला एवं शहर पदाधिकारियों, पार्षद, पूर्व पार्षद और पार्षद प्रत्याशियों से रायशुमारी कर दो दिनों के भीतर बीएलए-2 की नियुक्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, सुदर्शन अरोड़ा, मोतीलाल सैनी, संजय शुक्ला, डॉ. सूबेसिंह यादव, शोभा साहू, रिंकू जाटव, रामप्रकाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रा सम्मान समारोह



**अलवर, 12 अगस्त (निसं)।** स्वतन्त्रता सेनानी श्री छोटू सिंह आर्य, संस्थापक अध्यक्ष, आर्य कन्या विद्यालय समिति, अलवर की 103वीं जयन्ती पर चार दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को शारदा देवी छोटू सिंह आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट एवं वेद वाचस्पति चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर द्वारा आर्य कन्या विद्यालय समिति द्वारा संचालित विद्यालयों की सैकण्डरी परीक्षा 60 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने के लिए मेधावी छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आर्य कन्या विद्यालय, वैदिक विद्या मन्दिर, स्वामी दयानन्द मार्ग में आयोजित किया गया।

विद्यालयी छात्राओं ने मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद गुप्ता, प्रधान, आर्य कन्या विद्यालय समिति व अन्य अतिथियों के तिलक लगाकर एवं समिति मंत्री प्रदीप कुमार आर्य व निदेशक श्रीमती कमला शर्मा ने पीत वस्त्र अर्पित कर स्वागत किया।

शारदा देवी छोटू सिंह आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट एवं वेद वाचस्पति चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर की ओर से पुरस्कार वितरण जगदीश प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आर्य, प्रद्युम्न कुमार गर्ग, समिति सदस्यों एवं समिति निदेशक कमला शर्मा, इन्द्रा आर्य, प्रो. चन्द्रई बनर्जी आर्य व डॉ. दिविशा आर्य आदि ने किया। कुल 144 छात्राओं को नकद पुरस्कार एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद गुप्ता, प्रधान, आर्य कन्या विद्यालय रहे।

जगदीश प्रसाद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक कार्य करना बहुत कठिन कार्य हैं क्योंकि उसके लिए बहुत से सिंद्धांतों एवं नियमों की पालना करनी पडती है। इन परिस्थितियों में भी श्री छोटू सिंह जी आर्य ने सामाजिक कार्य करते हुए बालिका शिक्षा के क्षेत्र में इतना बडा कदम उठाया कि आज हमारी संस्था सर्वोत्तम विद्यालयों में गिनी जाती हैं। उन्होंने उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए। उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अशोक कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आर्य, श्रीमती कमला शर्मा, प्रद्युम्न कुमार गर्ग, धर्मवीर आर्य, कृष्ण लाल अदलखा, सूरजभान, सौरभ आर्य, देवी सिंह, हेमराज कल्ला, प्रमोद आर्य, इन्द्रा आर्य, सुमन आर्य, पो0 चन्द्रई बनर्जी आर्य, डॉ. दिविशा आर्य, श्रीमती सुरभि चन्द्रा-बैंगलुरू, डॉ. सी.पी.पालीवाल, वन्दना जसूजा, नेहारानी जादौन, रेनू सिंह, रानी संभारिया, निर्मला पारीक, अध्यापिकाएं, छात्राएं, आर्य कन्या परिवार, आर्य समाज के गणमान्य जन एवं हजारों अभिभावक गण उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल.टॉवर3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित करा कर सांध्य ज्योति दर्पण कार्यालय केडलगंज , अलवर से प्रकाशित है। संपादक सी.पी. सैनी, फोन नं. 0144-2335105, 2701531 जयपुर कार्यालय : संसार चन्द्र रोड, जयपुर, सम्पादक : महेन्द्र यादव - फोन : 2364412, 2361816, फैक्स : 0141-2361816। नागौर कार्यालय - 1/44 व्यास कॉलोनी, नागौर - सम्पादक : रमेश जैन, फोन : 240071 फैक्स- 01582-240071, भरतपुर कार्यालय - कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780, पोस्टल रजि.नं. आरजे-779, आरएनआई नं. 48648/90